दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...








● नई दिल्ली। सोमवार 07 अक्टूबर-2024 ● वर्ष : 8 अंक : 360 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







### भाजपा पर जमकर बरसे अरविंद केजरीवाल, कहा-

## 'डबल इंजन मतलब डबल भ्रष्टाचार'



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल रविवार को छत्रसाल स्टेडियम में 'जनता की अदालत' कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने भाजपा और केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला है।

उन्होंने कहा कि देश के अंदर डबल इंजन की सरकार फेल हो गया है। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि एग्जिट पोल में हरियाणा और जम्मू-कश्मीर से भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकारें जा रही हैं। अब देश के अंदर डबल इंजन फेल हो गया है। एक इंजन तो जून में ही खराब हो गया था, जब 240 सीटें आई थीं। पूरे देश से इनकी सरकारें जा रही हैं। इनके डबल इंजन का मतलब डबल लूट, इनके डबल इंजन का मतलब डबल भ्रष्टाचार है।

उन्होंने आगे कहा कि अब ये भाजपा के लोग दिल्ली में आप के पास वोट लेने आएं तो कहना कि डबल इंजन की सरकार नहीं चाहिए। डबल इंजन की सरकार का मतलब डबल लूट वाली सरकार। इसके साथ ही केजरीवाल ने दिल्ली वासियों से कहा, ये जब वोट मानने आएं तो इनसे पूछना कि 22 राज्यों में सरकार है तो आपने किस राज्य में बिजली पानी फ्री किया है? मोदी जी के रिटायरमेंट को एक साल बचा है अगर मोदी जी एक भी एक राज्य में बिजली फ्री कर दें तो मैं फरवरी में मोदी जी के लिए वोट मांगूंगा।

आपको बता दें कि मुख्यमंत्री आतिशी, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के साथ मंत्री गोपाल राय, इमरान हुसैन, कैलाश गहलोत, मुकेश अहलावत, राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा, संजय सिंह सहित पूरी दिल्ली से बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे।

## 9 अक्टूबर को होगी नगर निगम की बोर्ड बैठक

## किराया बढ़ोत्तरी से लेकर कूड़े का मुद्दा रहेगा हावी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** लंबे समय से नगर निगम में बोर्ड बैठक नहीं हो रही है। बोर्ड बैठक को लेकर नई डेट जारी कर दी गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नगर निगम में बीते दिनों जो बोर्ड की बैठक स्थगित कर दी गई थी, वह अब 09 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी। इस बोर्ड बैठक में नगर निगम के पार्षद, अधिकारी और महापौर से लेकर नगर आयुक्त कई विषयों पर अपनी राय रखेंगे। इसके साथ ही गाजियाबाद नगर निगम टैक्स बढ़ोत्तरी, किराया वृद्धि और विकास कार्यों से लेकर आगामी त्यौहार के मद्देनजर कराए जाने वाले कार्यों को लेकर भी जानकारी देने का काम करेगा। साथ ही कूड़ा उठने व डंपिंग ग्राउंड की मांग का मामला प्रमुख रहेगा।

### पार्षदों को भेजी जाएगी सूचना




करंट क्राइम : नगर निगम के अधिकारियों से जानकारी मिली है कि बोर्ड बैठक को लेकर बाकायदा पेपर वर्क शुरू हो गया है। इसके साथ ही पार्षदों को भी सूचना भेजने का काम किया जा रहा है। सूत्र बता रहे हैं कि 09 अक्टूबर को होने वाली बोर्ड बैठक में विकास कार्यों को लेकर नगर आयुक्त और मेयर के कुछ अहम निर्देश मिल सकते हैं। इसके साथ ही शहर की सफाई व्यवस्था और किराया वृद्धि के मामले को लेकर भी बड़ा डिसीजन लिया जा सकता है। नगर निगम क्षेत्र में डंपिंग ग्राउंड और कूड़े नहीं उठाने का मामला बीते लंबे समय से चल रहा है। बीते दिनों जब प्रभारी मंत्री असीम अरुण की जिला मुख्यालय पर बैठक हुई थी, उसमें भी नगर निगम की ओर से महापौर सुनीता दयाल द्वारा ने गालंद में डंपिंग ग्राउंड को नीदरलैंड की कंपनी के द्वारा शुरू कराए जाने की बात रखी गई थी। वहीं नगर निगम के सूत्र बता रहे हैं कि कई प्रमुख पार्षदों ने अपने क्षेत्र में विकास कार्यों में देरी और बजट न मिलने को लेकर नाराजगी है। उनका भी रोष बोर्ड बैठक में नजर आ सकता है। वहीं बीते दिनों इंदिरापुरम के हैंडोवर का मामला भी हल हो गया है। इसको लेकर जीडीए ने 70 लाख रुपए की पहली किस्त दे दी है। जिसको लेकर इंदिरापुरम के पार्षद और नगर निगम के अधिकारियों ने रूपरेखा बनाने शुरू कर दी है। वहीं नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा अभी नगर निगम द्वारा इंदिरापुरम में प्राथमिकता के आधार पर कार्य करने के निर्देश दिए गए थे। उम्मीद की जा रही है कि 09 अक्टूबर को होने वाली बोर्ड बैठक में कई महत्वपूर्ण और शहर के विकास कार्यों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी।

## नहीं बिगड़े हालात इसलिए बढ़ाई गई पुलिस कमिश्नरेट में सुरक्षा

### महंत की गिरफ्तारी के विरोध में हिंदू संगठन आज करेंगे पुलिस आयुक्त से मुलाकात





### यति हिरासत में या गिरफ्तार सस्पेंस बरकरार

करंट क्राइम : यति नरसिंहानंद को पुलिस ने हिरासत में लिया है या उनको गिरफ्तार कर लिया गया है, इसको लेकर अभी सस्पेंस बरकरार है। यति के शिष्य डॉ. निर्भयानंद ने बताया है कि पुलिस ने गुरुजी को शुक्रवार रात से हिरासत में ले रखा है। वह अभी पुलिस लाइन में ही मौजूद है लेकिन पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के किसी भी अधिकारी की ओर से इस मामले को लेकर अभी तक कोई ऑफिशियल जानकारी नहीं दी गई है। वहीं पुलिस ने डासना में प्रदर्शन करने वाले और पथराव करने वाले अज्ञात लोगों में से छह को गिरफ्तार करने की कार्रवाई है।

**गाजियाबाद ,करंट क्राइम :** डासना मामले को लेकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। कई थानाक्षेत्रों में पुलिस के अधिकारी अन्य सुरक्षा बलों के साथ गश्त कर निगरानी रखने का काम कर रहे हैं। वही डासना के महंत यति की गिरफ्तारी को तीन दिन हो गए हैं, इस मामले को लेकर सोमवार को हिंदू संगठनों के पदाधिकारी पुलिस आयुक्त



पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से मुलाकात करेंगे। यति नरसिंहानंद सरस्वती फाउंडेशन की महासचिव डा. उदिता त्यागी ने बताया है कि डासना में जो महंत के ऊपर पथराव हमला किया गया था, उस मामले को लेकर पुलिस ने अभी तक मजबूती से कार्रवाई नहीं की है। उधर इस पूरे मामले में वेव सिटी थाना पुलिस द्वारा समीर, साजिद ,आमिर, शोएब, फरमान उर्फ फरु और शहजाद को दूसरे समुदाय के व्यक्तियों पर आपत्तिजना टिप्पणी करने, धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने को लेकर नारेबाजी और इकट्ठे होने के मामले में गिरफ्तार किया है। इस मामले में पुलिस ने डेढ़ सौ से अधिक अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था।

### कई इलाकों में पुलिस के साथ आरआरएफ भी तैनात

करंट क्राइम : शनिवार को कैलाभट्टा इलाके में पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किया गया था, यहां के हालात पर नियंत्रण रखने और किसी प्रकार का तनाव पैदा ना हो इसको लेकर इलाके के एसीपी घंटाघर कोतवाली रितेश त्रिपाठी यहां फोर्स के साथ दिन में कई बार गश्त कर रहे हैं। यहां पर आरआरएफ की तैनाती की गई है। साथ ही सभी धर्म के लोगों के साथ पुलिस ने पीस कमेटी की बैठक करते हुए शांति व्यवस्था रखने और किसी प्रकार का हंगामा, प्रदर्शन और उपद्रव न करने की चेतावनी जारी की है। वहीं भारी संख्या में पुलिस और फोर्स को यहां तैनात किया गया है ताकि शांति का माहौल बना रहे।

## डॉली शर्मा पर मुकदमा दर्ज, बीजेपी सांसद ने की थी शिकायत

### भू-माफिया और घोटालेबाज कहने का लगाया आरोप

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद में भाजपा सांसद अतुल गर्ग ने लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान इंडिया गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी डॉली शर्मा और एक अन्य शख्स इमरान खान के खिलाफ कवि नगर थाना में मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि डॉली शर्मा ने चुनाव प्रचार के दौरान अतुल गर्ग के खिलाफ तथ्यहीन और मनगढ़ंत आरोप लगाए। जिससे उनकी छवि को नुकसान पहुंचा।

**भू-माफिया और घोटालेबाज कहने पर दर्ज हुआ मुकदमा :** अतुल गर्ग की तहरीर के अनुसार, 12 अप्रैल 2024 को डॉली शर्मा ने अपने चुनाव कार्यालय पर एक भाषण के दौरान अतुल गर्ग को भू-माफिया और घोटाले बाज बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि गर्ग ने सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा है। अतुल गर्ग का कहना है कि ये सभी आरोप झूठे और बेबुनियाद हैं। इसी के आधार पर उन्होंने थाना कवि नगर में शिकायत दर्ज कराई। जिसके बाद पुलिस ने मानहानि, जानबूझकर अपमान, आपराधिक षड्यंत्र के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

इस मामले में एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि अतुल गर्ग की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### करंट क्राइम में हुई थी दो महीने पहले प्रकाशित

**करंट क्राइम :** कांग्रेस की पूर्व लोकसभा उम्मीदवार डॉली शर्मा पर मुकदमा दर्ज कराने की बात लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने लगभग दो महीने पहले कही थी। दैनिक करंट क्राइम ने इस खबर को प्रकाशित किया था। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने इस बात के संकेत दे दिए थे कि प्रतिष्ठा धूमिल करने वाले किसी मामले में वह कोई समझौता नहीं करेंगे। उन्होंने उसी समय कहा था कि राजनीति में मतभेद होते हैं लेकिन भाषा की एक मर्यादा होती है। कांग्रेस नेता के अलावा एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज कराया गया है। सूत्र बताते हैं कि आने वाले समय में एक और व्यक्ति के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज हो सकती है।

## दहन होने से पहले पूरे शहर को देखेगा राजा लंकेश, 180 डिग्री पर घूमेगी रावण की गर्दन

### कोल्ड फायर से होगी पॉल्यूशन फ्री आतिशबाजी



गौरव शशि नारायण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** कवि नगर रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली श्री धार्मिक रामलीला समिति की ओर से इस बार 3 घंटे की संपूर्ण रामलीला का विशेष मंचन किया जा रहा है। तो हर साल बनने वाले पुतलों को लेकर भी नई तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। यहां रामलीला समिति द्वारा 80 फीट का रावण, 75 फीट का मेघनाथ और 70 फीट के कुंभकरण के पुतले को बनवाया जा रहा है। तीनों ही पुतलों के निर्माण का कार्य कवि नगर रामलीला मैदान में युद्ध स्तर पर चल रहा है। जानकारी मिली है कि इस बार जो रावण का पुतला बनाया जा रहा है, वह 80 फीट ऊंचा रहेगा और



रावण की गर्दन 180 डिग्री पर घूमने का काम करेगी यानी साफ है कि राजा लंकेश का पुतला दहन होने से पहले रावण पूरे शहर को देखने का काम करेगा। दैनिक करंट क्राइम की टीम ने रावण का पुतला बनाने वाली टीम से बातचीत की।

कारीगरों का कहना है कि उनकी दो पीढ़ियां यहां पुतले बनाने का काम करती हैं। जिसमें रावण, मेघनाथ और कुंभकरण के पुतले को बनाया जाता है। पुतला बनाने में करीब चार लाख रुपए के आसपास का खर्चा आ रहा है और पुतला दहन होने से पूर्व तैयार कर लिया जाएगा। इसे पूर्ण करने में लगभग 20 से 22 दिन का समय लगता है।


### 500 फीट बांस और ढाई कुंतल लेई व पेपर का होगा तीन पुतलों में इस्तेमाल



**करंट क्राइम :** रावण, मेघनाथ और कुंभकरण के पुतले को फाइनल रूप देने वाले कारीगर आदिल ने बताया है कि इन पुतलों को बनाने के लिए लगभग 500 फिट बांस का इस्तेमाल होता है। जिसको अलग-अलग आकार में काट कर रखा जाता है। साथ ही लगभग दो कुंटल पेपर जिसमें रंगीन पेपर के साथ ही गत्ता और रद्दी का इस्तेमाल किया जाता है। इसके अलावा रावण, मेघनाथ और कुंभकरण के इन विशाल पुतलों को जोड़ने और बेजोड़ रूप देने के लिए लगभग ढाई कुंटल लेई का इस्तेमाल होता है, जो यहीं कारीगर ही बनाने का काम यही कारीगर करते हैं ताकि इन पुतलों में मजबूती और सुंदरता मिल सके।

### पैर से लेकर सिर तक रहेगी पुतलों के ऊपर रंगीन लाइटिंग

करंट क्राइम : रावण, मेघनाथ और कुंभकरण के पुतले को बनाने के लिए कवि नगर रामलीला मैदान में कारीगरों की दो पीढ़ियां काम करने में जुटी हुई हैं। यहां जो पुतले बनाए जा रहे हैं वह बुलंदशहर के गुलावती मंगल बाजार में रहने वाले दिलशाद 65 वर्षीय और उनके पुत्र आदिल 25 वर्षीय की देखरेख में बनाए जा रहे हैं। पुतलों को मुख्य रूप से बनाने और संवारने का काम 40 साल की उम्र वाला कारीगर साबिर करता है, जो पिछले 22 सालों से इन पुतलों को बनाने का काम करता है। इन कारीगरों ने जानकारी दी है कि रावण का पुतला 80 फीट ऊंचा होगा और उसकी गर्दन 180 डिग्री पर घूमने का काम करेगी। इसके साथ ही तीनों पुतलों में पैर से लेकर सिर तक रंग बिरंगी लाइटिंग लगाई जाएगी। इसके साथ ही दशहरे के दिन जब इन पुतलों को दहन किया जाएगा तो इसमें इस्तेमाल की जाने वाली कोल्ड फायर अनार की आतिशबाजी लगाई गई है, जो प्रदूषण रहित है। कारीगरों ने बताया है कि रावण के कानों, छाती और ताज पर रंगीन और एलईडी लाइटिंग भी लगाई जाएगी ताकि यह पुतले दूर से ही रोशनी और सुंदरता प्रदान करें। कारीगर दिलशाद ने बताया है कि इसमें बड़ी संख्या में मजदूर लगते हैं जो इसको रूप, रंग और सुंदरता प्रदान करने का काम करते हैं।





# यूपी के 16 शक्तिपीठ स्थलों पर 'शक्ति महोत्सव' कराएगी योगी सरकार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य के 16 शक्तिपीठों पर 'शक्ति महोत्सव' का आयोजन करने की घोषणा की है। यह महोत्सव सप्तमी और अष्टमी तिथि को मनाया जाएगा, जिसमें महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने पर जोर दिया जाएगा। मिशन शक्ति-5.0 के तहत इस महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें महिला कलाकारों को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके तहत मां के चरणों में श्रद्धा निवेदित करने के लिए विभिन्न आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश के प्रसिद्ध शक्तिपीठों में जैसे मां पाटेश्वरी मंदिर देवीपाटन, शीतला माता मंदिर मैनपुरी, गोरखनाथ मंदिर, मां विंध्यवासिनी शक्तिपीठ विंध्याचल, शीतला चौकिया धाम जौनपुर, कूड़ा धाम फतेहपुर आदि में विशेष आयोजन होंगे। उद्देश्य मां जगतजननी की भक्ति और श्रद्धा को बढ़ावा देना है। सभी कार्यक्रमों में कुंभ और नवदुर्गा के प्रसंगों को शामिल किया जाएगा, जिसमें महिला सशक्तिकरण पर आधारित नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किए जाएंगे। मिशन शक्ति भावना के अंतर्गत, महोत्सव में विभिन्न झांकीमय प्रस्तुतियों का आयोजन किया जाएगा। जैसे कि देवीपाटन में शेफाली पांडेय और आयुषी राज, मैनपुरी में शालिनी शर्मा, फिरोजाबाद में पूजा उपाध्याय, झांसी में अभिलाषा शर्मा, वृंदावन में सीमा मोरवाल आदि कलाकार अपने-अपने स्थानों पर प्रस्तुति देंगे। मैनपुरी में आकाश द्विवेदी, गोरखपुर में राकेश श्रीवास्तव, वाराणसी में गणेश पाठक आदि कलाकारों की भी प्रस्तुतियां होंगी। साथ ही, नौ देवियों पर आधारित विशेष झांकी निकाली जाएगी। प्रदेश के लोक कलाकार देवी गीतों और लोकनृत्य के माध्यम से आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करेंगे। योगी सरकार का मिशन शक्ति के जरिए महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन पर जोर है। शक्ति महोत्सव में होने वाले आध्यात्मिक व सांस्कृतिक आयोजन में भी संस्कृति विभाग का जोर 'मिशन शक्ति' पर है। योगी सरकार ने इस महोत्सव के माध्यम से न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा देने का प्रयास किया है, बल्कि महिला सशक्तिकरण को भी एक नई दिशा देने का वादा किया है। सरकार का उद्देश्य महिलाओं को समाज में अपनी भूमिका को पहचानने का मौका देना और उन्हें सशक्त बनाना है।



# हिन्दुओं को भाषा, जाति और प्रांत के विवादों को भूलकर एकजुट होना होगा : संघ प्रमुख मोहन भागवत

**राजस्थान।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघ चालक डॉ. मोहन भागवत ने हिंदू समाज से भाषा, जाति और प्रांत के मतभेदों और विवादों को दूर करके एकजुट होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हिंदुओं को सुरक्षा की दृष्टि से एक साथ रहना होगा। बारां के कृषि उपज मंडी में आरएसएस के स्वयंसेवक सम्मेलन को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि समाज में आचरण का अनुशासन, राज्य के प्रति कर्तव्य और लक्ष्य उन्मुख होने का गुण आवश्यक है। अपनी सुरक्षा के लिए हिंदू समाज को भाषा, जाति और प्रांत के मतभेदों और विवादों को दूर करके एकजुट होना होगा। समाज ऐसा होना चाहिए जिसमें संगठन, सद्भावना और आत्मीयता का आभास हो। उन्होंने कहा कि समाज केवल मेरे और मेरे परिवार से नहीं बनता है, बल्कि हमें संपूर्ण समाज की चिंता करते हुए अपने जीवन में ईश्वर को प्राप्त करना है। उन्होंने कहा कि भारत एक 'हिंदू राष्ट्र' है और हिंदू शब्द का इस्तेमाल देश में रहने वाले सभी संप्रदायों के लोगों के लिए किया जाता है। उन्होंने उल्लेख किया कि संघ का काम यांत्रिक नहीं बल्कि विचार आधारित है और दुनिया में ऐसा कोई काम नहीं है, जिसकी तुलना आरएसएस द्वारा किए गए काम से की जा सके। उन्होंने कहा कि संघ के मूल्य नेता से स्वयंसेवक तक और स्वयंसेवकों से उनके परिवार के सदस्यों तक पहुंचते हैं। भागवत ने कहा कि संघ में व्यक्तित्व विकास की यही पद्धति है। कार्यक्रम में अन्य लोगों के अलावा राजस्थान क्षेत्र के संघचालक रमेश अग्रवाल, चित्तौड़ प्रांत के संघचालक जगदीश सिंह राणा, बारां विभाग के संघचालक रमेशचंद मेहता और बारां जिले के संघचालक वैद्य राधेश्याम गर्ग भी उपस्थित थे।



# विजयनगर क्षेत्र में पुलिस और गौतस्करों की मुठभेड़

## एसएक्स 4 गाड़ी से करते थे गौकशी के बाद तस्करी, दो बदमाश गिरफ्तार

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद के थाना विजयनगर क्षेत्र में गौकशी के इरादे से घूम रहे दो बदमाशों की पुलिस के साथ मुठभेड़ हो गई। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सफेद कार में गौकश घूम रहे हैं। पुलिस ने जब घेराबंदी कर इन्हें रोकने का प्रयास किया, तो बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाशों को गोली लगी और पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से गौकशी का सामान, तमंचे और कारतूस बरामद किए गए हैं।



### सिद्धार्थ विहार में गौकशी की घटना भी कबूली

एसीपी कोतवाली रितेश त्रिपाठी ने बताया कि गिरफ्तार बदमाशों ने 17 सितंबर को सिद्धार्थ विहार में गौकशी की घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। पुलिस ने दोनों को अस्पताल में भर्ती करवा दिया है और आगे की जांच जारी है।

### फायरिंग के दौरान दोनों बदमाश घायल



कार टकराने के बाद दोनों बदमाशों ने भागने की कोशिश की और पुलिस टीम पर फायरिंग भी कर दी। जवाबी फायरिंग में दोनों को गोली लगी और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पकड़े गए बदमाशों की पहचान इनाम और वासिफ के रूप में हुई है। पुलिस ने उनके कब्जे से गौकशी का सामान, रस्से, तमंचे और कारतूस बरामद किए हैं।

### पुलिस की तत्परता से पकड़े गए गौकश



विजयनगर थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक सफेद कार में गौकशी करने वाले बदमाश इलाके में घूम रहे हैं। पुलिस ने तुरंत सिद्धार्थनगर टीएनटी चौराहे पर घेराबंदी शुरू की। इसी दौरान संदिग्ध कार नजर आई, लेकिन पुलिस को देखते ही बदमाशों ने कार को हाईवे की तरफ भगाने की कोशिश की। पुलिस ने उनका पीछा किया, जिससे कार आगे जाकर एक खंभे से टकरा गई।

# मंत्री सौरभ भारद्वाज व अन्य विधायकों ने किया था हाईवोल्टेज ड्रामा, हुआ केस दर्ज

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के विधायक और मंत्री सौरभ भारद्वाज के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। सिविल लाइंस थाने में बीएनएस की कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। दिल्ली में शनिवार को बस मार्शल बहाली के मुददे को लेकर हाई वोल्टेज ड्रामा हुआ था। अब इस मामले में आप मंत्री सौरभ भारद्वाज के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। सिविल लाइंस थाने में बीएनएस की कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। सौरभ भारद्वाज के अलावा आम आदमी पार्टी के अन्य विधायकों के नाम भी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, पुलिस ने बीएनएस की धारा 103 और 238 के तहत मामला दर्ज किया है। राजधानी के लोग शनिवार दोपहर उस समय चौंक उठे जब मुख्यमंत्री आतिशी और नेता विपक्ष विजेंद्र गुप्ता को एक ही कार में बैठे देखा। कार में आप के विधायक व मंत्री भी थे। विजेंद्र गुप्ता आगे की सीट पर बैठे थे। पक्ष व विपक्ष को एक साथ कार में बैठे देखना दिल्लीवासियों के लिए कौतूहल का विषय था। इससे पहले दिल्ली सचिवालय में मंत्री व विधायकों द्वारा नेता विपक्ष विजेंद्र गुप्ता के पैर पकड़ने के वायरल वीडियो को देखकर लोग पूरे माजरे को समझने की कोशिश करते रहे। कैबिनेट नोट पास होने के बाद मुख्यमंत्री आतिशी नेता विपक्ष समेत भाजपा विधायकों को उपराज्यपाल कार्यालय चलने के लिए कह रही थीं। अचानक मंत्री सौरभ भारद्वाज और अन्य विधायक नेता विपक्ष के पैर पकड़ने लगे। इससे पहले कुछ मार्शलों ने भी कैबिनेट बैठक के दौरान भाजपा विधायकों के पैर पकड़े थे। आप नेताओं का कहना था कि नेता विपक्ष एलजी हाउस जाना नहीं चाहते थे और मौके से भाग रहे थे। इस कारण उनको रोका गया इसके बाद मुख्यमंत्री नीचे आईं और विजेंद्र गुप्ता की कार में बैठ गईं। इस पर विजेंद्र गुप्ता कार के इधर-उधर घूमते रहे और दूसरी कार मंगाने के लिए फोन करने लगे, लेकिन मंत्री सौरभ भारद्वाज ने जबरदस्ती उन्हें कार में बैठा लिया। इसके बाद विजेंद्र व आतिशी एलजी हाउस पहुंचे। रास्ते में एक-दो बार कार को मुड़वाने की कोशिश की गई। इधर, एलजी से मुलाकात के बाद आश्वासन न मिलने पर बस मार्शल और दिल्ली सरकार के मंत्री व विधायक मार्शल के साथ धरने पर बैठ गए। बस मार्शलों के साथ मंत्री सौरभ भारद्वाज और मुकेश अहलावत, विधायक दिलीप पांडे, संजीव झा, कुलदीप कुमार, राजेश गुप्ता, रोहित महरौलिया, अजय दत्त सहित अन्य से एलजी से प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करने की मांग रखी। साथ ही, कहा कि दिल्ली सरकार ने अपना वादा पूरा किया। अब आपकी बारी है। हालांकि, बाद में पुलिस ने मंत्री सहित अन्य को हिरासत में लेकर कुछ देर बाद दूर ले जाकर छोड़ दिया। धरने पर आए सौरभ भारद्वाज ने कहा कि भाजपा ने बस मार्शलों को धोखा दिया है। शनिवार को कैबिनेट नोट पर सभी मंत्रियों ने हस्ताक्षर कर दिए। अब एलजी के हस्ताक्षर का इंतजार है।



### महिला मार्शल को लात मारने का आरोप

मंत्री सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि एलजी हाउस के बाहर प्रदर्शन करने के दौरान विजेंद्र गुप्ता के पैर पकड़ने गई महिला मार्शल को उन्होंने लात मारी। इसके बाद जब सौरभ रोती हुई उस महिला को पुलिस के पास लेकर गए और उसकी शिकायत लिखने के लिए कहा तो शिकायत दर्ज करने की जगह पुलिसकर्मी हंसते हुए चले गए। महिला ने भी इस बात की पुष्टि की।

# हरियाणा में फिर खिलेगा कमल, जरूरत पड़ने पर हमारे पास हैं कई विकल्प : नायब सैनी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंचकूला में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बड़ा दावा किया है। सैनी ने कहा कि हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है। हरियाणा में विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद आए एग्जिट पोल के परिणाम चर्चा में हैं। वहीं प्रदेश के कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बड़ा दावा कर दिया है। नायब सैनी ने पंचकूला में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान दावा करते हुए कहा कि हरियाणा में भाजपा की सरकार ही बनेगी। सैनी ने कहा कि हमें (भाजपा) को पूर्ण बहुमत मिल रहा है। वहीं, उन्होंने यह भी कहा है कि अगर भाजपा को पूर्ण बहुमत नहीं मिला तो भी पार्टी के पास कई विकल्प हैं। सैनी ने कहा कि हमारे पास सरकार बनाने की सारी व्यवस्थाएं हैं, बाकी जरूरत पड़ने पर अन्य दलों आईएनएलडी ,जेजेपी, निर्दलीयों के विकल्प पर भी विचार संभव है।

इससे पहले भी भाजपा ने एग्जिट पोल के रिजल्ट को दरकिनार करते हुए भाजपा ने तीसरी बार कमल खिलाने का दावा किया है। भाजपा का मानना है कि हरियाणा के लोगों ने पार्टी को तीसरी बार सरकार बनाने का आशीर्वाद दिया है। मतदान प्रतिशत भले ही कम हुआ है, लेकिन यह बताता है कि सरकार के खिलाफ कोई भी सत्ता विरोधी लहर नहीं थी। पार्टी के बूथ मैनेजमेंट ने काम किया है और बूथ पदाधिकारी अपने-अपने बूथों पर वोट डलवाने में कामयाब हुए हैं।

वहीं रविवार को पंचकूला में प्रेस कांफ्रेंस के दौरान नायब सिंह सैनी एक बार फिर दोहराया है कि हरियाणा में तीसरी बार कमल खिलेगा। इस पत्रकार वार्ता के दौरान उनके साथ पंचकूला से भाजपा उम्मीदवार ज्ञानचंद गुप्ता और पार्टी के अन्य नेता भी थे। सभी नेताओं का यही कहना है कि राज्य में एक बार फिर से भाजपा की सरकार बनना तय है।



### प्रदेश के लोग भाजपा के साथः सीएम

कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दावा किया है कि आठ अक्तूबर को भाजपा पूरे बहुमत के साथ सरकार बनाएगी। हरियाणा के लोग भाजपा के साथ हैं। भाजपा प्रवक्ता व पूर्व मीडिया सचिव प्रवीण आत्रेय भी दावा कर चुके हैं कि 10 साल में हरियाणा में भाजपा ने जो कार्य किए हैं, उसी का नतीजा है कि भाजपा तीसरी बार सरकार बनाने जा रही है। भाजपा की नीतियों से लोग खुश हैं और मतदान के आंकड़े और मतदाताओं के रुख से स्पष्ट है कि भाजपा को स्पष्ट बहुमत मिल रहा है। इसमें कोई किंतु-परंतु नहीं है।

# एआई दुनिया के लिए परमाणु बम जितना खतरनाक : विदेश मंत्री जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रविवार को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को दुनिया के लिए परमाणु बम जितना खतरनाक बताते हुए कहा कि तेजी से उभर रही यह टेक्नोलॉजी पूरी दुनिया को अगले दशक में गहराई तक प्रभावित करेगी। नई दिल्ली स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ इकोनॉमिक ग्रोथ और वित्त मंत्रालय की साझेदारी में आयोजित कौटिल्य इकोनॉमिक कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए जयशंकर ने कहा कि एआई आने वाले समय में काफी बढ़ने वाला है और देशों को इसके प्रभावों से निपटने के लिए तैयार रहना चाहिए। यह वैश्विक इकोसिस्टम के लिए भी एक महत्वपूर्ण कारक बनने जा रहा है। दुनिया के लिए एआई कुछ इतना खतरनाक होगा, जितने एक समय पर परमाणु बम थे। विदेश मंत्री ने कहा कि जनसांख्यिकी, कनेक्टिविटी और एआई वैश्विक व्यवस्था को बदल देंगे। अगले दशक में वैश्वीकरण को हथियार बनाया जा सकता है और दुनिया को इसे लेकर सतर्क रहना चाहिए। दुनिया में कई लोग इसे बेरोजगारी और क्रांति के अन्य नकारात्मक प्रभावों के लिए दोषी मानते हैं। विदेश मंत्री ने कहा, वैश्वीकरण पर सामाजिक और राजनीतिक प्रतिक्रिया ने पिछले दशक में गति पकड़ी है। वैश्वीकरण की वास्तविकताएं अनिवार्य रूप से संरक्षणवाद से टकराती हैं। जयशंकर ने आगे कहा कि आज के युग में संयुक्त राष्ट्र की भूमिका केवल एक दर्शक की रह गई है। उन्होंने कहा, ₹संयुक्त राष्ट्र एक पुराना बिजनेस है, जो जगह काफी ले रहा है, लेकिन दुनिया के मुताबिक बदल नहीं रहा है। मध्य पूर्व के देशों में चल रहे संघर्ष पर जयशंकर ने कहा कि आज के समय में लड़ाई केवल आर्थिक गलियारा, जमीन और समुद्र के लिए हो रही है, लेकिन भविष्य में लड़ाइयां जलवायु परिवर्तन के लिए भी होंगी।




# सहारनपुर में चौकी पर पथराव पुलिसकर्मियों ने भागकर बचाई जान

**सहारनपुर।** डासना मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद के विवादित बयान को लेकर तनाव बढ़ता जा रहा है। मुस्लिम समाज के लोगों ने उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में रविवार को विरोध-प्रदर्शन किया। इस दौरान कुछ अराजक तत्वों ने पुलिस चौकी पर पथराव कर दिया। मामला सदर बाजार थाना क्षेत्र की शेखपुरा पुलिस चौकी का है। यति नरसिंहानंद के पैगंबर मोहम्मद पर दिए गए बयान के विरोध में हजारों लोगों ने आज जुलूस निकाला। कुछ लोगों ने शेखपुरा चौकी पर पुलिस को ज्ञापन भी दिया। तभी जुलूस में शामिल अराजक तत्वों ने पुलिस चौकी पर पथराव कर दिया। सहारनपुर के एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि रविवार को शेखपुरा चौकी पर कुछ ग्रामीणों ने एक ज्ञापन दिया। इसके बाद प्रदर्शन में शामिल कुछ लोगों ने हंगामा करते हुए पथराव शुरू कर दिया। पुलिस ने हालात बिगड़ते देख तुरंत कार्रवाई की। फिलहाल पथराव की घटना को लेकर अराजक तत्वों के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। एसपी सिटी मांगलिक ने कहा, ₹महंत यति नरसिंहानंद ने एक टिप्पणी की थी। उनके बयान के विरोध में ही आज पुलिस को ज्ञापन सौंपा गया। स्थानीय पुलिस द्वारा महंत यति नरसिंहानंद को हिरासत में लिए जाने के बारे में लोगों को सूचित कर दिया गया था। पुलिस को शांतिपूर्वक ज्ञापन सौंपा गया, लेकिन कुछ लोगों ने शांति भंग करने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि पथराव करने वाले उपद्रवियों को पकड़ने के लिए पुलिस की टीमें बनाई गई हैं और जल्द ही उनके खिलाफ आगे की कार्रवाई की जाएगी।



# हरियाणा में एग्जिट पोल अगर नतीजों में बदले तो कौन होगा कांग्रेस की ओर से सीएम का चेहरा

**नई दिल्ली।** हरियाणा की 90 सदस्यीय विधानसभा सीट के लिए शनिवार शाम एग्जिट पोल जारी हो गए। इसके मुताबिक, 10 साल से हरियाणा की सत्ता पर काबिज भाजपा को झटका लग सकता है और कांग्रेस की प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बन सकती है। ऐसे में अब बड़ा सवाल यह उठना लगा है कि अगर एग्जिट पोल नतीजों में बदलता है तो कांग्रेस की ओर से मुख्यमंत्री पद का दावेदार कौन होगा। दरअसल, हरियाणा में कांग्रेस की ओर से मुख्यमंत्री की रेस में कई नेताओं का नाम चल रहा है। सबसे पहला नाम है भूपेंद्र सिंह हुड्डा का है, जो 10 साल तक हरियाणा के दो बार मुख्यमंत्री रहे। उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनाव में भी पार्टी के लिए जमकर प्रचार किया था। इस दौरान 10 में से पांच सीटों पर कांग्रेस ने जीत दर्ज की थी। इसके अलावा दूसरा नाम इस लिस्ट में कुमारी शैलजा का है, जो एक दलित चेहरा हैं। वह वर्तमान में सिरसा लोकसभा सीट से सांसद हैं और उनका नाम भी सीएम की रेस में शामिल है। उनकी गांधी परिवार से नजदीकी भी जगजाहिर है। वह हरियाणा की प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुकी हैं। इस लिस्ट में तीसरा नाम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के बेटे दीपेंद्र हुड्डा का है, जो वर्तमान में रोहतक से सांसद हैं। अगर भूपेंद्र सिंह हुड्डा सीएम की रेस से बाहर होते हैं, तो पार्टी उनके नाम पर विचार कर सकती है। चौथा नाम रणदीप सिंह सुरजेवाला का है। राज्यसभा सांसद और महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला का भी नाम सीएम पद की रेस में शामिल है। इसके अलावा हरियाणा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भान के नाम की भी अटकलें लगाई जा रही हैं। बताया जा रहा है कि अगर पार्टी किसी दलित चेहरे के नाम पर आगे बढ़ती है, तो वह भी इस रेस में शामिल हो सकते हैं। बता दें कि हरियाणा की 90 विधानसभा सीटों पर शनिवार (5 अक्टूबर) को मतदान हुआ था, जबकि नतीजें 8 अक्टूबर को घोषित किए जाएंगे।



# केजरीवाल को मनोज तिवारी का जवाब, देखते हैं आपको हरियाणा में कितनी सीटें मिलती हैं

**नई दिल्ली।** हरियाणा में 90 विधानसभा सीटों पर मतदान संपन्न होने के बाद आए एग्जिट पोल में भाजपा बहुमत के आंकड़े से बहुत पीछे हो गई है। वहीं, कांग्रेस 10 साल बाद सत्ता में वापसी करती दिखाई दे रही है। इस बीच आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर निशाना साधा है। अरविंद केजरीवाल दिल्ली में रविवार को ह्यजनता की अदालतक्क लगा रहे थे। केजरीवाल ने कहा, अब डबल इंजन की सरकार जा रही हैं। इनका एक इंजन तो लोकसभा चुनाव में ही खराब हो गया था। अब एक-एक राज्य से दूसरा इंजन भी खराब हो रहा है। देश के लोगों को समझ में आ गया है कि डबल इंजन की सरकार का मतलब महंगाई और भ्रष्टाचार है। अब जब दिल्ली में विधानसभा चुनाव होंगे, तब भी ये कहेंगे कि डबल इंजन की सरकार बनवा दो, तब इनसे पूछना कि तुम्हें हरियाणा वालों ने क्यों हराया था।

अरविंद केजरीवाल के तंज पर भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा, देखने वाली बात होगी कि अरविंद केजरीवाल की पार्टी को हरियाणा में कितनी सीट मिलती है। एग्जिट पोल पर मनोज तिवारी ने कहा, जनादेश जिसके पक्ष में होगा, उसकी सरकार बनेगी। हमें विश्वास है कि भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में फैसला आएगा और भाजपा की सरकार बनेगी। अरविंद केजरीवाल को एग्जिट पोल में एक भी सीट नहीं मिलने पर मनोज तिवारी ने कहा, वो एक सीट के हकदार भी नहीं हैं। जनता की अदालत कर रहे हैं, लेकिन जनता ही नहीं आई। क्योंकि, जनता भी कह रही है कि अदालत से बरी होकर आओ तब बात करेंगे।

मनोज तिवारी ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से दिल्ली में दो बड़ी योजनाएं शुरू की गई हैं। एक तो जमीन का म्यूटेशन शुरू कराया गया है और दूसरे दिल्ली सरकार की साजिश से डीडीए की एनओसी का बहाना बनाकर लोगों का बिजली का मीटर नहीं लगता था, इस साजिश को हमने खत्म कर दिया है। अब डीडीए की नोटिस की जरूरत नहीं होगी।



# हरियाणा में सरकार निपट गई, हार गई : राकेश टिकैत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में किसानों और मजदूरों की महापंचायत का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में किसान इको गार्डन पहुंचे। किसानों की मांग को लेकर इस महापंचायत का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने हरियाणा विधानसभा चुनाव के बाद जारी एग्जिट पोल पर प्रतिक्रिया जाहिर की। किसान नेता राकेश टिकैत ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के बाद जारी एग्जिट पोल पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हरियाणा में सरकार निपट गई, हार गई। मालूम हो कि एग्जिट पोल में भाजपा बहुमत के आंकड़े से काफी दूर नजर आ रही है और राज्य में कांग्रेस की सरकार बनती हुई दिख रही है। हालांकि, भाजपा का दावा है कि एग्जिट पोल गलत साबित होंगे और प्रदेश में भाजपा की ही सरकार बनेगी। राकेश टिकैत ने आगे कहा कि वर्तमान में किसानों की फसलों को लूटा जा रहा है और उनकी जमीनों पर भी खतरा मंडरा रहा है। सर्किल रेट नहीं बढ़ रहा है। लखनऊ में तो कहा जाता है कि भुगतान हो गया है, लेकिन धरातल पर यह सच नहीं है। उन्होंने कहा कि महापंचायत के जरिए किसान इकट्ठा होकर अपनी बात सरकार तक पहुंचाएंगे। किसानों के मुद्दों पर बात करना जरूरी है और हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि हमारी मांगें सुनवाई के योग्य हों।

टिकैत ने एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) के मुद्दे पर भी सरकार को चिट्ठी लिखने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि इस विषय पर राज्य सरकार को भारत सरकार को पत्र लिखना चाहिए, ताकि हमारे अधिकारों की रक्षा हो सके। उन्होंने आगे कहा कि वह चीफ सेक्रेटरी और अधिकारियों से मुलाकात करेंगे।

महापंचायत में ब्लॉक प्रमुख कुलदीप तोमर, राजेंद्र चौधरी, मनोज कुमार, नरेंद्र, युवा जिलाध्यक्ष धीरज राठी, रामकुमार, पूर्व प्रधान धर्मेंद्र राठी, राजीव प्रधान, संजय छिल्लर, प्रवेंद्र राठी, अंकुर राठी, पवन सहित कई अन्य लोग भी उपस्थित रहेंगे।



दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






# बूथ सम्मेलन में कांग्रेस ने दिखाई ताकत

## आराधना मोना मिश्रा ने कहा, यूपी उपचुनाव में मोदी का रथ पंचर करेंगे



### कांग्रेस महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी की अध्यक्षता में सफल रहा बूथ सम्मेलन

### देश को बचाने के लिए गांधी परिवार पहले भी खड़ा था और आज भी : आराधना मोना मिश्रा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** रविवार को कांग्रेस पार्टी ने आगामी विधानसभा उपचुनाव को लेकर हिंदी भवन लोहिया नगर में बूथ सम्मेलन का आयोजन किया। बूथ सम्मेलन में बड़ी संख्या में कांग्रेस पार्टी के प्रभारी , पर्यवेक्षक से लेकर पूर्व मंत्री और विधायकों की कार्यक्रम में मौजूदगी रही। हिंदी भवन में आयोजित विधानसभा 56 के बूथ सम्मेलन के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधान मंडल दल की नेता आराधना मोना मिश्रा और विधानसभा गाजियाबाद के प्रभारी एवं बाराबंकी से सांसद तनुज पुनिया पर्यवेक्षक के रूप में मौजूद रहे। इस दौरान संयुक्त रूप से यहां दोनों प्रभारी नेताओं ने कहा है कि शहर विधानसभा में 32 वार्ड आते हैं और 506 बूथ को अध्यक्ष महानगर की देखरेख में पूरी तैयारी कर रहे हैं। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुई आराधना मोना मिश्रा ने कहा है कि देश को बचाने के लिए गांधी परिवार पहले भी खड़ा था और गांधी परिवार आज भी खड़ा हुआ है। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार यूपी में फेल हो रही है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रथ को पंचर करने का काम कांग्रेस ने यूपी में किया है। जिसे विधानसभा के उपचुनाव के रूप में भी करने का काम किया जाएगा।

इस मौके पर कांग्रेस नेताओं में जोश भरते हुए आराधना मोना मिश्रा ने कहा है कि वह गाजियाबाद में केवल चुनाव लड़वाने के लिए नहीं आई हैं, वह ऊपर से जिम्मेदारी मिलने पर नहीं बल्कि खुद लेकर आई हैं कि गाजियाबाद की विधानसभा सीट को जिताकर जाएंगी। उन्होंने कहा कि वह गाजियाबाद आती जाती रहेगी और आवश्यकता पड़ेगी तो जो काम करने हैं वह सब करेंगी। इसके साथ ही सांसद तनुज पुनिया ने गाजियाबाद के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के जोश को बढ़ाते हुए कहा है कि मेहनत के लिए सभी पदाधिकारी हाजिर हैं। उन्होंने ने कहा कि कांग्रेस ने हिंदी भवन में भीड़ दिखाकर बता दिया है कि जिस तरीके का माहौल यूपी में बना है, उससे साफ है कि विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का गठबंधन जीत हासिल करने जा रहा है। इस मौके पर कांग्रेस के नेताओं ने आराधना मोना मिश्रा और तनुज पुनिया का बड़ी माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान पार्टी के नेताओं ने एक जुटता का परिचय देने के साथ ही कांग्रेस प्रमुख राहुल गांधी, सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी के जिंदाबाद के नारे भी जमकर लगाने का काम किया।

### सोशल मीडिया पर फोकस और राहुल गांधी को फॉलो करने का संदेश दे गए सांसद तनुज पुनिया



करंट क्राइम : कांग्रेस पार्टी ने पहली बार गाजियाबाद में बूथ सम्मेलन का आयोजन किया है। बूथ सम्मेलन में 506 बूथ पर सदस्य और पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। इस दौरान कांग्रेस पार्टी के सांसद एवं पर्यवेक्षक तनुज पुनिया ने कहा है कि कांग्रेस के प्रत्येक पदाधिकारी बूथ के प्रमुख और वार्ड के प्रमुख को चाहिए कि वह बड़ी संख्या में लोगों को राहुल गांधी के सोशल मीडिया पेज से जोड़े। साथ ही ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम के अकाउंट को फॉलो करें, उनके संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें। सांसद तनुज पुनिया ने कहा है कि अगर राहुल गांधी द्वारा की जाने वाली बातों को कांग्रेस का प्रत्येक सिपाही जनता के बीच ले जाने में सफल रहा, तो कांग्रेस पार्टी की जीत को कोई रोक नहीं सकता है। सांसद व पर्यवेक्षक तनुज पुनिया ने इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों द्वारा गाजियाबाद विधानसभा चुनाव को लेकर की जा रही तैयारी के उत्साह को देखते हुए तारीफ की है।

### ना कांग्रेस कमजोर थी, ना कांग्रेस कमजोर रहेगी : आराधना मोना मिश्रा



करंट क्राइम : मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची विधान मंडल दल की नेता आराधना मोना मिश्रा ने कहा कि वह कोई पैराशूट पॉलीटिशियन नहीं हैं। उन्होंने अपने पिता प्रमोद तिवारी का नाम लेते हुए कहा कि वह प्रमोद तिवारी की बेटी भले हों लेकिन उन्होंने इस मंच पर आने से पहले 15 साल ब्लॉक प्रमुख के पद पर काम किया है। इसके बाद वह बीते तीन बार से विधायक बन रही हैं और विधान मंडल दल की नेता के रूप में कांग्रेस की नीतियों और मुद्दों को विधानसभा में बुलंद करने का काम करती हैं। उन्होंने कहा कि बूथ सम्मेलन तभी सफल होगा, जब कांग्रेस का एक-एक कार्यकर्ता 500-500 वोटरों और लोगों को जोड़ने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि मैं राजनीति में महत्वाकांक्षा से नहीं बल्कि मेहनत करने के लिए आई हूं। इस दौरान उन्होंने कहा कि अगर विपक्ष और भारतीय जनता पार्टी यह कहती है कि कांग्रेस कमजोर हो गई है, तो ना कांग्रेस कभी कमजोर थी। ना कभी कमजोर होगी। उन्होंने कहा जिस पार्टी में राहुल गांधी की सेना के रूप में सामने बैठे बब्बर शेर हों वह पार्टी कभी कमजोर नहीं हो सकती है। इसके साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओं को पूरी मेहनत से काम करने का निर्देश दिया है।

### स्व. राजीव गांधी से लेकर सोनिया गांधी को किया गया याद ,बताया गया समर्पण



करंट क्राइम : कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची विधान मंडल दल की नेता आराधना मोना मिश्रा ने कहा कि जो लोग कहते हैं कि कांग्रेस पार्टी ने 70 साल में कुछ नहीं किया तो यह गलत है। उन्होंने कहा कि भारत में आज सबसे ज्यादा मोबाइल टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जाता है। उसको लाने का काम पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी द्वारा ही किया गया था। साथ ही उन्होंने सोनिया गांधी के त्याग समर्पण को याद दिलाते हुए कहा कि कोई ही वर्तमान राजनीति में ऐसा नेता पक्ष और विपक्ष में होगा, जो प्रधानमंत्री के पद की दावेदारी मिलने पर भी राजनीति में नहीं आए या उसे छोड़ दे। आराधना मोना मिश्रा ने कहा कि इस कार्य को सोनिया गांधी ने केवल पार्टी, परिवार और देश के लिए किया है। इस दौरान उन्होंने राहुल गांधी की क्षमताओं और प्रियंका गांधी द्वारा खुलकर राजनीति करने को भी मुद्दे के रूप में रखा।

### महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी ने बूथ सम्मेलन से दिया बड़ा संदेश, उपचुनाव में कांग्रेस की जीत का दिलाया भरोसा



करंट क्राइम : हिंदी भवन में रविवार को आयोजित बूथ सम्मेलन को लेकर कांग्रेस पार्टी के महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी बीते कई दिनों से मेहनत कर रहे थे। इस बात की तारीफ आराधना मोना मिश्रा और सांसद तनुज पुनिया द्वारा मंच से की गई। तो वहीं जिलाध्यक्ष विनीत त्यागी ने भी कहा कि वह महा नगर अध्यक्ष के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे हैं, यह जिले और महानगर नहीं बल्कि कांग्रेस का विधानसभा उपचुनाव है। इस दौरान कांग्रेस पार्टी की लोकसभा प्रत्याशी रहीं डॉली शर्मा ने कहा कि अगर लोकसभा चुनाव में इस सीट पर 65 से 70 हजार वोट मिल सकते हैं, तो हम विधानसभा उपचुनाव भी हर हाल में जीत सकते हैं। उन्होंने विजय चौधरी की तारीफ की तो वहीं विजय चौधरी ने भी बताया कि डॉली शर्मा ऐसी नेता हैं जिन्होंने गाजियाबाद सीट पर 5 लाख 18 हजार से अधिक मत लेकर भारतीय जनता पार्टी के लिए एक चैलेंज देने का काम किया है। इस दौरान आए अतिथियों और कार्यकर्ताओं ने महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम को लेकर काफी तारीफ की है। साथ ही हिंदी भवन की भरी हुई सीटें बता रही थी कि कांग्रेस पार्टी में उनके पदाधिकारी और कार्यकर्ता विश्वास जता रहे हैं।

### मंच से लेकर कार्यकर्ताओं तक को संभालते रहे महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी



करंट क्राइम : बूथ सम्मेलन को सफल बनाने के लिए कांग्रेस महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी मंच संभालने का काम कर रहे थे। तो कार्यक्रम भी उनकी ही अध्यक्षता में हो रहा था। वह शेरों-शायरी के साथ संचालन कर रहे थे। तो कांग्रेस के वरिष्ठजनों को नाम लेकर उनके महत्व को दर्शा रहे थे। इसके साथ ही युवा नेताओं में जोश भरने का काम भी कर रहे थे। कुल मिलाकर कांग्रेस द्वारा लंबे समय बाद किसी कार्यक्रम में ताकत और जोश नजर आने का काम कांग्रेस महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी की मेहनत को दर्शा रहा था।

### गांव के लोगों और हाई राइज सोसायटी के रिश्तेदारों की लिस्ट पर है कांग्रेस नेताओं का फोकस



करंट क्राइम : शहर विधानसभा सीट 56 पर उपचुनाव होना है और उपचुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी पूरी तरीके से तैयारी और बूथ सम्मेलन करने के बाद इस बात का संदेश दे रही है कि वह चुनाव को लेकर गंभीरता दिखा दे रही हैं। कांग्रेस के इतिहास में पहली बार गाजियाबाद में बूथ सम्मेलन हुआ है और हिंदी भवन में रही कांग्रेस के नेताओं और ऐसे चेहरे भी नजर आए जो अमूमन नहीं देखते हैं। इसको लेकर मंच से भी तारीफ हुई, तो आए दोनों अतिथियों ने भी सराहना की है। इसके साथ ही कांग्रेस के नेताओं का प्लान है कि गाजियाबाद विधानसभा शहर सीट के आसपास जो भी हाईराइज सोसायटियां हैं, उनमें अधिकांश लोग ऐसे हैं ,जो गाजियाबाद के गांव से आकर यहां रह रहे हैं। उनके परिवारों की लिस्ट बनाई जा रही है। उनके संपर्क सूत्र इकट्ठे किए जा रहे हैं और ऐसे लोगों से कांग्रेस पार्टी के लिए वोट करने की अपील की जा रही है ताकि कांग्रेस यहां भारतीय जनता पार्टी को शिकस्त दे और शहर विधानसभा सीट पर कांग्रेस का विधायक बने।

### लोकसभा की प्रत्याशी रहीं डॉली शर्मा ने कहा कांग्रेस की उपचुनाव में स्थिति रहेगी मजबूत



करंट क्राइम : गाजियाबाद में लोकसभा की प्रत्याशी रहीं डॉली शर्मा ने इस कार्यक्रम के माध्यम से आराधना मोना मिश्रा और तनुज पुनिया को भरोसा दिलाया है कि वह पूरी मेहनत और टीमवर्क के साथ यहां चुनाव का कामकाज संभाल रहीं हैं। राष्ट्रीय प्रवक्ता की जिम्मेदारी के बावजूद भी में लगातार गाजियाबाद के मुद्दों और विषय पर मुखर रहती हैं। इस दौरान डॉली शर्मा ने कहा कि विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस पार्टी इस बार मजबूती के साथ नजर आएगी। तो वहीं उन्होंने उनके ऊपर मुकदमा लिखा जाने पर कहा है कि वह किसी से डरने वाली नहीं हैं, उन्हें कोई कितना भी डरने का प्रयास करें।



### तनुज पुनिया और आराधना मोना मिश्रा का सिख समाज ने किया स्वागत



करंट क्राइम : कांग्रेस पार्टी के 506 बूथ के प्रमुख और 32 वार्ड के अंतर्गत आने वाले पदाधिकारियों ने इस कार्यक्रम से कई सारे संदेश दिए हैं। तो इस कार्यक्रम में सिख समाज ने तनुज पुनिया सांसद बाराबंकी और विधान मंडल दल की नेता आराधना मोना मिश्रा का सिख समाज की ओर से स्वागत किया गया है। इस दौरान उनका चित्र, पुष्प और सम्मान चिन्ह भेंट किया गया ,यह सम्मान एसपी ओबरॉय और सिख समाज के लोगों द्वारा दिया गया।

### पूर्व मंत्री से लेकर विधायक और पदाधिकारी आए मंच पर नजर




करंट क्राइम : हिंदी भवन में कांग्रेस का बूथ सम्मेलन था, कांग्रेस इस कार्यक्रम के माध्यम से कई तरीके के संदेश देने का काम किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मंच पर पूर्व मंत्री सतीश शर्मा, पूर्व एमएलसी हरेंद्र अग्रवाल, पूर्व विधायक केके शर्मा, पूर्व महासचिव उत्तर प्रदेश कांग्रेस संजीव शर्मा के साथ ही पूर्व महानगर अध्यक्ष नरेंद्र भारद्वाज, जेके गौड़, महिला जिला कांगेस अध्यक्ष सोनम नागर, रतना शुक्ला, ओमपाल चंदेल, विजयपाल चौधरी, कपिल यादव ,शादाब अब्बासी, प्रेम प्रकाश चीनी, शुभम शर्मा, त्रिलोक सिंह, नरेंद्र चौहान, बलराज, हाजी खुर्शीद, राजाराम भारती, आदिल चौधरी, रियाज अहमद, रियाज मलिक, राजेंद्र शर्मा, अनूप चौधरी , नरेंद्र राठी और पुष्पा रावत सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के प्रमुख नेता नजर आए।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हाथ वालों के यहां नही है सब पूरी तरह से साथ? माना कि बूथ का सम्मेलन था मगर दावेदार तो दिखा सकते थे अपना दम? सुशांत गोयल ने कुछ सोच कर ही बनाई होगी दूरी? टिकट मांग रहे नसीम की भी कुछ तो रही होगी मजबूरी? जब है इलेक्शन की बेला? तब उन्होंने कर दिया आउट ऑफ स्टेशन रहने का एलान? ये एकता देख कर हो गए हाथ वाले लीडर भी हैरान?;

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि क्या परमार्थ वाले साहब ने कर दिया है चुनाव लडने का आइडिया ड्रॉप? वो चाहते हैं फूल से चुनाव लडना? क्यों कहा कहने वाले ने कि इसके लिए उन्हें होगा सदस्यता वाला पर्चा भरना? कर दिया होगा उन्होंने जज्बातों में ये चुनावी एलान? कहने वाले ने कहा कि जरा करो तो सही इस बात का पता? उन्होंने चुनाव लडने के लिए कौन से दल में किसे दिया है अपना बायोडाटा? केवल चुनाव लडने की घोषणा करने में नही है कुछ भी घाटा?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब से शुरू हुई है साइकिल वालों के यहां अकेले अकेले चुनाव लड़ने की चर्चा? सुना है तीन चेहरे कर रहे इलेक्शन को लेकर प्लान? सुना है वो चाहते हैं पहले हो जाए एक बार भईया जी से मुलाकात? उनके मिजाज को भांपने के बाद ही करेंगे आगे की कुछ बात? वो नही खोलना चाहते फिलहाल अपनी इस योजना को लेकर जुबान? कहने वाले ने कहा कि कुछ चल रहा है दिल में ऐसा सीन? यहां सिंबल मिलने के बाद भी नही होता खुद के उम्मीदवार हो जाने का यकीन? इस लिए वो सोच रहे हैं इतना महीन?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नीला रंग रह ना जाए कहीं उप चुनाव में फीका? हाथी ने भले ही बदल दिया हो अपना महावत? लेकिन पुराने रिकॉर्ड बताते हैं बदली के बाद भी नही था कुछ बदला? विधान सभा चुनाव में सतपाल के बाद कविंद्र और फिर दे दिया था सूधन को टिकट? बदलियों के बाद भी सीन रह गया था विकट? शहर विधानसभा में बहाना होगा गर्ग साहब के लिए महावतो को एक्स्ट्रा पसीना? लाइन पार में सीन करना होगा ओके?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हाथ वाले ब्राह्मण लीडर कर रहे हैं एक ब्लैक घोड़ी खरीदने का विचार कंसीडर? सुना है राम बारात में आ गई ब्लैक घोड़ी उन्हे पसंद? कांग्रेस वाले पंडित जी के देहरादून वाले फार्म हाउस पर पाली जायेगी ये घोड़ी? भारद्वाज जी के फार्म हाउस पर नही खायेगी ये हॉर्स केवल घास? रहेगी स्पेशल खुराक और रखा जाएगा उसका ध्यान खास?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि विधायक जी के प्रिय ग्राम प्रधान हो गए उस समय बेहद हैरान? जब क्रांतिकारी विधायक की सिफारिश भी हो गई फेल? बिजली कनेक्शन लेने में प्रधान को मिली टेंशन? सुना है लाइनमैन ने प्रधान को समझाया सिस्टम का कोर्स और कहां बेकार है इसके आगे सारी सोर्स? तीन हजार देने के बाद लग गया प्रधान जी के यहां मीटर? क्रांतिकारी विधायक के यहां बैठ कर प्रधान ने सब के सब है चीटर? दर्द को किया साझा और कहा हमें इस सरकार में क्या हुआ फायदा?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि लाइन पार वाले फूल क्यों नहीं हो पा रहे हैं कूल? कुछ दिखाई दे रहे हैं स्टे होम वाले अंदाज में तो कुछ के लहजे में फील हो रही है चुभन ऑफ बबूल? कहने वाले ने कहा चुनाव से पहले ही वो थाम लेंगे ये बवंडर? नही होने जा रहा है यहां कुछ चेहरों की वजह से कोई डैमेज? अधिसूचना तो होने दो जारी फिर सब निभायेंगे अपनी जिम्मेदारी? टिकट घोषित होते ही सब हो जायेगा मैनेज?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि इंदिरा जी वाले पुरम में फेसबुक पर उठा दिया पूर्व वाले मंडल महामंत्री ने मेंबरशिप वाली किताब को लेकर सवाल? भगवा कमांडर की हुई फिर सीन में एंट्री? दिया संदेश हम से ही पूछ लेते आप ? यहां फेसबुक पर क्यों हो रहे हो इतने एंटी? फिर मंडल वाले बक्शी जी ने किया एलान? सभी प्रश्नों का मिलेगा आदर सहित जवाब? आप मंडल दफ्तर पर तशरीफ लाए श्रीमान? फिर कहा आते समय सदस्यता अभियान वाले स्क्रीन शॉट जरूर लेते आना? पता तो चले आप ने भगवा परिवार बढ़ाने में कितना बहाया है पसीना?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हाथ वालों का एक मोहल्ला प्रधान पहुंच गया सड़क किनारे लगने वाली ठेलियों के पास? हाथ वालों के मोहल्ला प्रधान की डिमांड सुन कर ठेली वाले रह गए हैरान? कहने वाले ने कहा कि अब से पहले यहां कभी नहीं हुआ था ये काम? रहेगा सब कुछ सॉफ्ट अगर हो गया मामला सेटल? अगर नही पूरी हुई डिमांड तो फिर होगी शिकायत और चलेगा अतिक्रमण मुक्त अभियान? तब समझ लेना सारा मामला और मत होना हैरान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि कौन से भगवा वार्ड में सीन चल रहा है हार्ड? कौन बड़ा जनप्रतिनिधि नही कर रहा है एक भगवा नेता की केयर? सुना है उनसे भी बड़े जनप्रतिनिधि है इस मामले मे फुल्ली फेयर? पार्क से लेकर वार्ड की गली तक गूंज रहा है किस्सा?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

# कवि नगर में रामलीला के साथ रामायण के 52 स्वरूप का हो रहे हैं दर्शन

### ललित जायसवाल का विजन दिख रहा है रामलीला के मंचन से लेकर मेले तक



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** श्री धार्मिक रामलीला समिति (पंजी.) कविनगर द्वारा आयोजित रामलीला महोत्सव 2024 के अन्तर्गत आयोजन के 9वें दिन रामभक्तों की भारी भीड़ मंचन को देखने के लिए उमड़ पड़ी। जैसे-जैसे सम्पूर्ण रामायण की जानकारी लोगों में हो रही है, वैसे-वैसे मंचन देखने वालों का अपार समूह उमड़ रहा है। समिति द्वारा सभी रामभक्तों के लिए बैठने की उचित व्यवस्था की गयी है। रामलीला के मंच पर श्री राम एवं केवट के भावपूर्ण मिलन की लीला के मंचन को सभी आये हुए भक्तों द्वारा सराहा जा रहा है। साथ ही सीता स्वयंवर एवं रामजन्म के अवसर पर होने वाले नृत्य सभी जनमानस को आकर्षित कर रहे हैं।

**आकर्षण का केंद्र बनी रामलीला में लगी प्रदर्शनी :** रामलीला मंचन के साथ-साथ समिति द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी सभी के आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। लम्बी-लम्बी कतारों में लोग अपनी बारी की प्रतीक्षा करते नजर आ रहे हैं। मेला परिसर में लगाये गये डबल डिस्क एवं रेन्जर एम्यूजमेन्ट नगरवासियों के आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। बड़ी संख्या में विशेषकर बच्चे एवं युवा मेले में लगे एम्यूजमेन्ट का भरपूर आनन्द ले रहे हैं। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी सम्पूर्ण मेला परिसर को तम्बाकू एवं पॉलिथिन रहित रखा गया है। मेले में अद्भुत सफाई की व्यवस्था बनी हुई है जिसकी मेले में आया हुआ प्रत्येक व्यक्ति प्रशंसा कर रहा है। फूडकोर्ट में विभिन्न प्रदेशों के व्यंजनों का मेले में आये लोग आनन्द लेते नजर आ रहे हैं। रविवार को रामलीला महोत्सव में सनातन धर्म के स्तम्भ एवं विख्यात धर्मगुरु दीपांकर आचार्य ने अपनी उपस्थिति से सम्पूर्ण रामलीला मैदान के वातावरण को अपनी ओजस्वी वाणी से मंत्रमुग्ध कर दिया।

समिति के अध्यक्ष ललित जायसवाल, महामंत्री भूपेन्द्र चोपड़ा ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर मंत्री गुलशन बजाज, अजय जैन, गौरव चोपड़ा, ऋषि माकड़, विवेक मित्तल, तरूण चौटानी, दिवाकर सिंघल, मनोज गोयल, नवेन्दु सक्सेना, संजय गोयल आदि उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# पश्चिम एशिया में तनाव

ईरान व इजराइल के बीच छिड़े उग्र संघर्ष से पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ गया है। इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच संघर्ष के नए दौर के साथ बढ़ी भू-राजनीतिक चुनौतियों से सारी दुनिया में चिंता पैदा हो गई है। भारत की मुख्य चिंता संघर्ष का बढ़ना है। ईरान व इजराइल का मौजूदा संघर्ष भारत के लिए आर्थिक चुनौतियों का कारण बनेगा। भारत ने चिंता जताई है और सभी पक्षों से शांति बनाए रखने की अपील की है। पश्चिमी एशियाई देशों में रह रहे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा भारत की प्राथिकता में शामिल है। पश्चिमी एशिया में 90 लाख भारतीय हैं। पश्चिमी एशिया के अनिवासी भारतीय प्रति वर्ष लगभग 40 बिलियन अमेरिकी डॉलर घर भेजते हैं जो देश के कुल धन-प्रेषण प्रवाह में 55 प्रतिशत से अधिक की हिस्सेदारी रखता है। पश्चिम एशिया से आयातित तेल पर भारत की निर्भरता, मूल्य अस्थिरता और आपूर्ति व्यवधानों के प्रति उसे संवेदनशील बनाती है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल उपभोक्ता और आयातक देश है।

भारत का 40 प्रतिशत से अधिक तेल पश्चिम एशिया से आता है। पश्चिम एशिया में ऊर्जा संसाधनों के लिए बढ़ती प्रतिस्पर्द्धा के कारण कीमतें बढ़ सकती हैं तथा आपूर्ति के लिये प्रतिस्पर्द्धा बढ़ सकती है, जिससे भारत के लिए आवश्यक ऊर्जा प्राप्त करना अधिक कठिन हो जाएगा। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार भारत को प्राप्त कुल प्रेषण का 82 प्रतिशत पश्चिम एशियाई देशों तथा यहां व्यापक रूप से संलग्न एवं सक्रिय संयुक्त राज्य अमेरिका एवं यूनाइटेड किंगडम से प्राप्त होता है। गौरतलब है कि पश्चिमी एशिया वह क्षेत्र है जो सैन्यीकरण पर अत्यधिक निर्भर है और वैश्विक हथियारों के आयात में 30 प्रतिशत हिस्सेदारी रखता है। वैश्विक ऊर्जा उपभोग के लिए निष्कर्षण संसाधनों का एक प्रमुख आपूर्तिकर्ता होने के बावजूद, पश्चिम एशिया विभिन्न संघर्षों के कारण बढ़ती अस्थिरता का सामना कर रहा है। ऐसे में तलाशना होगा कि वे कौन-से दृष्टिकोण हैं जिनके माध्यम से पश्चिम एशियाई संघर्ष को हल किया जा सकता है?

गाजा के खिलाफ इजराइल का हमला हमास को नष्ट करने और बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने के अपने घोषित मकसदों को अभी तक हासिल नहीं कर पाया है। ऐसे में फिलहाल कहना कठिन है कि पश्चिमी एशिया में कब और किन परिस्थितियों में शांति हो पाएगी। भारत हमेशा शांति की वकालत करता है और तटस्थ रुख रखता है। पश्चिमी एशिया में अशांति को लेकर भारत का जोर है कि पूरे मसले का हल संवाद और कूटनीति से ही निकाला जाए।

# भारत होगा दुनिया का अगला सेमी कंडक्टर हब: केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव

**बेंगलुरु।** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव की ओर से कहा गया कि भारत दुनिया का अगला सेमीकंडक्टर हब बनने की तरफ तेजी से बढ़ रहा है, क्योंकि देश में इस सेक्टर में बड़ी संख्या में निवेश किया जा रहा है। वैष्णव ने न्यूयॉर्क में हाल ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और शीर्ष टेक सीईओ के बीच हुई राउंड टेबल बातचीत का हवाला देते हुए कहा कि इस दौरान तीन शीर्ष एग्जीक्यूटिव्स ने कहा कि ऐसा जोश हमने पिछले 35 से 40 वर्षों में इतिहास में किसी और देश में नहीं देखा है। केंद्र सरकार की ओर से अब तक 1.52 लाख करोड़ रुपये के निवेश मूल्य के पांच सेमीकंडक्टर प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। चिप उत्पादन पर केंद्रीय मंत्री ने



कहा कि अमेरिकी की माइक्रोन टेक्नोलॉजी 2025 की शुरूआत भारत में चिप का उत्पादन करना शुरू कर देगी। वहीं, सीजी पावर सेमीकंडक्टर सुविधा का कंस्ट्रक्शन चल रहा है और टाटा की ओर से असम में बनाई जा रही एटीएमपी सुविधा में भी काम तेजी से किया जा रहा है और इसका कंस्ट्रक्शन शुरू हो गया है। इससे पहले केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत में सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री की वृद्धि से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को मजबूती मिलेगी। सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री, सभी उद्योगों का आधार है। चिप का इस्तेमाल मेडिकल डिवाइस, मोबाइल फोन, लैपटॉप, कार, ट्रक, ट्रेन , टीवी और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में किया जाता है। साथ ही कहा कि अब तक सरकार की ओर से गई सभी पहल जिसमें डिजिटल इंडिया मिशन और टेलीकॉम इंडिया मिशन शामिल हैं, उसने सामान्य नागरिकों के हाथ में टेक्नोलॉजी आई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारत का सेमीकंडक्टर मार्केट 2026 तक 64 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। यह 2019 के बाजार मूल्य से करीब 3 गुना होगा। जानकारों के मुताबिक, अपनी भारत अपनी उत्पादन क्षमता को बढ़ा सेमीकंडक्टर सेक्टर में एक बड़ा खिलाड़ी बनने की तरफ बढ़ रहा है। सेमीकॉम इंडिया प्रोग्राम और इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन ( आईएसएम ) जैसी पहल के कारण भारत को इस क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर बाजार हिस्सेदारी हासिल करने में मदद मिलेगी। इससे बड़ी संख्या में भारत में नौकरियां भी पैदा होंगी।

## अदाणी समूह के प्राकृतिक गैस-ग्रीन हाइड्रोजन मिश्रण कार्यक्रम की शुरूआत

**नई दिल्ली।** अदाणी समूह ने प्राकृतिक गैस में ग्रीन हाइड्रोजन के मिश्रण कार्यक्रम की शुरूआत कर दी है। अहमदाबाद के कुछ इलाकों में इस प्राकृतिक गैस में ग्रीन हाइड्रोजन के मिश्रण वाली गैस की सप्लाई शुरू भी हो गई है। इसका उद्देश्य उत्सर्जन में कटौती और नेट जीरो के लक्ष्य को हासिल करना है। कंपनी ने सोशल मीडिया पर बयान जारी कर दी जानकारी फ्रांस की ऊर्जा कंपनी टोटल एनर्जीज और अदाणी के सिटी गैस के संयुक्त उपक्रम अदाणी टोटल गैस लिमिटेड ने प्राकृतिक गैस में 2.2-2.3 प्रतिशत ग्रीन हाइड्रोजन का मिश्रण करने की शुरूआत की है। इस मिश्रित गैस को अहमदाबाद के शांतिग्राम इलाके के घरों में सप्लाई किया जा रहा है। कंपनी ने लिंक्डइन पर साझा एक पोस्ट में इसकी जानकारी दी है। स्वच्छ तरीके से उत्पादित




हाइड्रोजन को प्राकृतिक गैस पाइपलाइनों में इंजेक्ट किया जाता है और फिर इस मिश्रण का इस्तेमाल कम उत्सर्जन के साथ गर्मी और बिजली पैदा करने में किया जाता है।

### कैसे बनाई जाती है ग्रीन हाइड्रोजन

कंपनी ने अक्षय ऊर्जा स्त्रोतों जैसे पवन उर्जा और सौर ऊर्जा का इस्तेमाल करते हुए ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन शुरू किया है। इसके तहत पानी को इलेक्ट्रोलाइसिस प्रक्रिया के तहत हाइड्रोजन और ऑक्सीजन के रूप में अलग-अलग किया जाता है। इस प्रक्रिया के बाद प्राप्त हाइड्रोजन को प्राकृतिक गैस के साथ मिलाया जाता है। अब यही मिश्रित गैस घरों में खाना पकाने वाली गैस के रूप में सप्लाई की जा रही है। कंपनी ने बताया कि अभी चार हजार घरेलू और वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को हाइड्रोजन मिश्रित गैस की आपूर्ति की जा रही है।

### अभी तक देश का सबसे बड़ा प्रोजेक्ट

गौरतलब है कि अभी सरकारी ऊर्जा कंपनी एनटीपीसी द्वारा ही सूरत के कवास इलाके में हाइड्रोजन मिश्रित प्राकृतिक गैस की आपूर्ति की जा रही थी।

# विदेशी निवेशकों के बीच बिकवाली का दौर

## अक्तूबर में तीन सत्रों में बेच डाले 27 हजार करोड़ के स्टॉक

**नई दिल्ली।** 4 अक्तूबर को ही विदेशी निवेशकों ने 15,506 करोड़ रुपये के स्टॉक बेच डाले। इस बिकवाली से निवेशकों के बाजार में भरोसे में गिरावट के तौर पर देखा जा रहा है। भारतीय शेयर बाजार में इन दिनों भारी बिकवाली के दबाव से जूझ रहा है। खासकर विदेशी निवेशक बड़े पैमाने पर अपना पैसा भारतीय बाजार से निकाल रहे हैं। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजटरी लिमिटेड के डाटा के अनुसार, अक्तूबर में पहले तीन ट्रेडिंग सेशन में ही विदेशी निवेशकों ने 27,142 करोड़ रुपये के स्टॉक बेच डाले हैं।



### भारतीय बाजार से पैसे निकालकर अन्य एशियाई बाजारों में कर रहे निवेश

4 अक्तूबर को ही विदेशी निवेशकों ने 15,506 करोड़ रुपये के स्टॉक बेच डाले। इस बिकवाली से निवेशकों के बाजार में भरोसे में गिरावट के तौर पर देखा जा रहा है। इस बिकवाली का भारत के इक्विटी बाजार पर भी गहरा असर पड़ा है और इक्विटी बाजार दबाव में है। विशेषज्ञों का कहना है कि विदेशी निवेशक अपने पैसे को भारतीय बाजार से निकाल अन्य एशियाई बाजारों जैसे चीन और हॉन्ग कॉन्ग में निवेश कर रहे हैं, जहां उन्हें ज्यादा अच्छे निवेश की उम्मीद है।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के चीफ इन्वेस्टमेंट स्ट्रैटेजिस्ट वीके विजयकुमार ने बताया कि विदेशी निवेशकों द्वारा स्टॉक बेचने की बड़ी वजह चाइनीज स्टॉक का खराब प्रदर्शन है। अब चीन की सरकार ने कई नीतिगत फैसले लिए हैं, जिनसे चीन के शेयर बाजार में तेजी की उम्मीद की जा रही है। यही वजह है कि बेहतर रिटर्न के लालच में विदेशी निवेशक अब चीन के बाजार का रुख कर रहे हैं। बाजार विशेषज्ञों ने चेताया है कि अगर पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष बढ़ता है और तेल के ठिकानों पर हमले होते हैं तो इसका असर तेल की कीमतों पर पड़ेगा और इससे वैश्विक बाजारों में अस्थिरता बढ़ सकती है।

# मजबूत मांग से चालू वित्त वर्ष में कंपनियों को कारोबार में बढ़त की उम्मीद: सर्वे

**नई दिल्ली।** सरकार की ओर से चालू नीतियां जारी रखने और मजबूत घरेलू मांग ( विशेषकर ग्रामीण भारत ) के चलते भारतीय कंपनियों वित्त वर्ष 2024-25 में अपने कारोबार में वृद्धि को लेकर आशावादी है। रविवार को जारी हुए सर्वे में यह जानकारी दी गई। भारतीय उद्योग परिसंघ ( सीआईआई ) बिजनेस कॉन्फिडेंस इंडेक्स चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही ( जुलाई-सितंबर ) की अवधि में बढ़कर दो तिमाही के उच्चतम स्तर 68.2 पर पहुंच गया है। पिछली तिमाही में यह 67.3 पर था और पिछले साल समान अवधि में 67.1 पर था। सर्वे में भाग लेने वाली कंपनियों की ओर से कहा गया कि



खपत ( विशेषकर ग्रामीण इलाकों ) में बढ़ोतरी, अच्छा मानसून, सरकार द्वारा लगातार सुधार और निजी क्षेत्र की ओर से निवेश बढ़ने के कारण चालू वित्त वर्ष में वृद्धि बढ़ने की संभावना है। आधे से अधिक उत्तरदाताओं ( 59 प्रतिशत ) का मानना है कि वित्त वर्ष 2024-25 की पहली छमाही में वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी छमाही के मुकाबले निजी निवेश बढ़ा है। निजी निवेश बढ़ना काफी उत्साहजनक है इससे सरकार की ओर से किए जाने वाले पूंजीगत निवेश को सहारा मिलेगा। सर्वे में आगे कहा गया कि आने वाले त्योहारी सीजन में मांग अच्छी रहने की उम्मीद है। हालांकि, तेजी से बदलते वैश्विक हालातों के प्रति सजग रहने की आवश्यकता है। सर्वे के मुताबिक आधे से अधिक उत्तरदाताओं का मानना है कि बिक्री के साथ नए ऑर्डर में जुलाई से सितंबर के बीच इजाफा देखने को मिला है। ज्यादातर कंपनियों का कहना है कि वह अपनी 75 से 100 प्रतिशत क्षमता का उपयोग कर पा रहे हैं। सर्वे में बताया गया कि आरबीआई के मुताबिक जब भी कैपेसिटी यूटिलाइजेशन 75 से 80 प्रतिशत के बीच में पहुंच जाता है तो यह अर्थव्यवस्था में नया निवेश बढ़ाने में मदद करता है।

## राशिफल

**मेष :** पूजा-पाठ में मन लगेगा। किसी साधु-संत से मुलाकात होगी। कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे। धनलाभ सुगमता से होगा। प्रसन्नता एवं उत्साह बने रहेंगे।

**वृष :** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। जल्दबाजी भारी पड़ सकती है। घर-परिवार की चिंता रहेगी। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**मिथुन :** चोट व रोग से बचें। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। कानूनी बाधा दूर होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यस्तता रहेगी। आराम का समय नहीं मिलेगा।

**कर्क :** शत्रु पस्त होंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। संपत्ति की खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। लाभ में वृद्धि होगी। प्रमाद से बचते हुए कोशिश करें।

**सिंह :** आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। अटके कार्यों में गति आएगी। यात्रा मनोरंजक रहेगी।

**कन्या :** बुरी सूचना मिल सकती है। चिंता तथा तनाव रहेंगे। विवाद को बढ़ावा न दें। परिवार में मतभेद हो सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। लापरवाही न करें।

**तुला :** थोड़े प्रयास से ही कार्य पूर्ण होंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। धनलाभ होगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। जल्दबाजी न करें।

**वृश्चिक :** घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा। शुभ सूचना प्राप्त होगी। प्रसन्नता रहेगी। यात्रा सुखद रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। धनहानि संभव है।

**धनु :** भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। रोजगार प्राप्त होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। लॉटरी-सट्टे से दूर रहें। बेचैनी रहेगी।

**मकर :** पुराना रोग उभर सकता है। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। बनते कामों में विलंब होगा। बेवजह कहासुनी हो सकती है। शांति बनाए रखें।

**कुंभ :** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की आवश्यकताओं पर खर्च होगा। चिंता रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। आय में वृद्धि होगी।

**मीन :** नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। तत्काल लाभ नहीं मिलेगा। सामाजिक कार्यों में भाग लेने का अवसर मिल सकता है। मान-सम्मान बढ़ेगा। कार्यसिद्धि होगी।

## चुटकुले

चिंटू जंगल से जा रहा था... अचानक भालू देखकर सांस रोककर जमीन पर लेट गया
भालू- अभी मुझे भूख नहीं है, वरना सारी होशियारी निकाल देता।

लड़की- मेरे चेहरे में जलन हो रही है
डॉक्टर- आपके चेहरे का हमें एक्स रे करना पड़ेगा
लड़की- एक्स रे में क्या होता है
डॉक्टर- चेहरे की फोटो खींची जाती है...
लड़की- 5 मिनट रुको मैं मेकअप कर लूं।

सप्पू- सबसे शुद्ध माल अपने कस्टमर को कौन बेचता है?
गप्पू- बिजली विभाग
सप्पू- वो कैसे?
गप्पू- हाथ लगाकर देख ,पता चल जाएगा।

## रोचक तथ्यों का करंट

- एपीजे अब्दुल कलाम को विज्ञान के क्षेत्र में अपने उत्कृष्ट योगदान के लिए भारत के नागरिक सम्मान के रूप में 1981 में पद्मभूषण, 1990 में पद्मविभूषण दिया गया था। इन्हें 1997 में भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारतरत्न' से भी सम्मानित किया गया था।
- डॉक्टर अब्दुल कलाम को प्रोजेक्ट डायरेक्टर के रूप में भारत का पहला स्वदेशी उपग्रह (एसएलवी तृतीय) प्रक्षेपास्त्र बनाने का श्रेय हासिल है। एपीजे अब्दुल कलाम ने पोखरण में दूसरी बार न्यूक्लियर विस्फोट भी परमाणु ऊर्जा के साथ किया। इस तरह भारत ने परमाणु हथियार के निर्माण की क्षमता प्राप्त करने में सफलता अर्जित की।
- इसके अलावा डॉक्टर कलाम ने भारत के विकास स्तर को 2020 तक विज्ञान के क्षेत्र में अत्याधुनिक करने के लिए एक विशिष्ट सोच भी प्रदान की। कलाम ऐसे तीसरे राष्ट्रपति रहे हैं जिन्हें 'भारतरत्न' का सम्मान राष्ट्रपति बनने से पूर्व ही प्राप्त हुआ है, अन्य दो राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन और डॉक्टर जाकिर हुसैन हैं। राष्ट्रपति के अलावा वे एक आम इंसान के तौर पर वे युवाओं की पहली पसंद और प्रेरक रहे हैं। उनकी बातें, उनका व्यक्तित्व, उनकी पहचान न केवल एक राष्ट्रपति के रूप में हैं बल्कि जब भी लोग खुद को कमजोर महसूस करते हैं, कलाम का नाम ही उनके लिए प्रेरणा बन जाता है।




दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन ( खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन ) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 ( हरीश कुमार ) 8630290003 ( विष्णु गुप्ता )

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।
करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए ।जी ।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 ( गौतमबुद्धनगर ) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364
सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# रणजी ट्रॉफी 2024-25, क्या एक बार फिर बिहार की दो-दो टीमें नजर आएंगी



**पटना।** भारत की सबसे प्रतिष्ठित घरेलू प्रतियोगिता रणजी ट्रॉफी 2024-25 के आगाज में अब एक हफ़्ते से भी कम का समय बचा है, जिसके लिए क्रिकेट खिलाड़ी और राज्य संघ तैयारियों में जुटे हैं। लेकिन इसके उलट बिहार क्रिकेट संघ (बीसीए) के अध्यक्ष राकेश तिवारी और बीसीए के सचिव अमित कुमार के बीच वर्चस्व की लड़ाई जारी है।

अध्यक्ष और सचिव की लड़ाई का खामियाजा बिहार के खिलाड़ियों और क्रिकेट को भुगतना पड़ रहा है। बिहार का पहला मुकाबला 11 अक्तूबर को हरियाणा के खिलाफ रोहतक में है, लेकिन इतना कम समय होने के बावजूद अब तक टीम का ऐलान नहीं हुआ है। इतना ही नहीं सचिव और अध्यक्ष ने टीम के चयन के लिए खिलाड़ियों को ट्रायल में आने का बुलावा भेजा है।

हैरान करने वाली बात यह है कि ये ट्रायल एक ही समय और तारीखों में अलग-अलग मैदान पर चल रहे हैं। जिन खिलाड़ियों को बुलाया गया है उनमें से कई दोनों ही ट्रायल सूची में हैं।

ऐसे में खिलाड़ियों को एक बार फिर ये चिंता सता रही है कि वह किस टीम में रहेंगे और कौन सी टीम को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की तरफ से मान्यता मिलेगी। यानी ये तस्वीर बिल्कुल पिछले साल की ही तरह होने जा रही है, जब मुंबई के खिलाफ पहले मैच से पहले कागज पर बिहार की दो अलग-अलग टीमों का चयन हुआ था।

**दो अलग-अलग मैदानों पर चल रहा है खिलाड़ियों का ट्रायल:**

इस बार स्थिति पहले से भी ज्यादा जटिल है क्योंकि एक तरफ बीसीए अध्यक्ष तिवारी और सीईओ मनीष राज ने लगभग 60 खिलाड़ियों को ट्रायल के लिए बुलावा भेजा है, वहीं पटना हाईकोर्ट के आदेश के बाद लोकपाल नियुक्त किए गए जस्टिस शैलेश कुमार सिन्हा ने बीसीए सचिव कुमार को दोबारा पदभार संभालने का आदेश दिया है।

उन्हें वार्षिक जनरल मीटिंग (एजीएम) बुलाने और चयन समिति गठित करने का भी निर्देश मिला था। जिसके बाद कुमार ने 30 सितंबर को बीसीए की एजीएम की अध्यक्षता भी की और उस दौरान बिहार क्रिकेट के भविष्य और आगामी रणजी ट्रॉफी के मद्देनजर कई फैसले भी लिए। इसमें बिहार सीनियर पुरुष टीम की चयन प्रक्रिया के लिए चयन समिति का गठन भी शामिल था। इस चयन समिति का अध्यक्ष पूर्व बिहार रणजी खिलाड़ी ज़िशान उल यकीन को बनाया गया है।

ज़िशान पहले भी चयन समिति के अध्यक्ष रह चुके हैं। इसका मतलब यह है कि अब बिहार की रणजी क्रिकेट टीम का चयन करने के लिए दो चयन समिति है।

# डब्ल्यूटीटी चाइना स्मैश चीनी पैडलर्स ने पुरुष और महिला युगल ट्रॉफी जीती



**बीजिंग।** चीन के वांग चुकिन और लियांग जिंगकुन ने शनिवार को यहां विश्व टेबल टेनिस (डब्ल्यूटीटी) चाइना स्मैश में पुरुष युगल खिताब जीतने के लिए टीम के साथी लिन शिडोंग और लिन गाओयुआन के खिलाफ पांच गेमों में जीत हासिल की।

इस बीच, चेन ज़िंगटोंग और कियान तियानयी ने सभी चीनी महिलाओं के युगल फाइनल में चार गेमों में सन यिंगशा और वांग यिदी को हराया। चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी वांग/लियांग ने 8-11, 4-11, 11-6, 11-8, 11-9 के स्कोर के साथ जीत हासिल करने के लिए संघर्ष किया।

लियांग ने जीत के बाद कहा, हमने युगल खिताब के लिए लंबे समय तक इंतजार किया और दो गेम से पिछड़ने के बाद भी हार नहीं मानी।

मैच के बाद 24 वर्षीय वांग ने कहा, यह डब्ल्यूटीटी इवेंट में लियांग के साथ जोड़ी बनाकर मेरी पहली डबल्स ट्रॉफी है। हमने स्थिति को बदलने के लिए कौशल और रणनीति पर ध्यान केंद्रित किया।

शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, महिला डबल्स फाइनल में चेन/कियान ने सन/वांग को 12-10, 12-10, 3-11, 11-7 से हराकर अपनी जीत पक्की की।

सिंगल सेमीफाइनल बेस्ट-ऑफ-सेवन प्रारूप में खेले गए और चीन ने पहले ही पुरुष और महिला दोनों सिंगल्स खिताब पर कब्जा सुनिश्चित कर लिया है।

चीन के सबसे सफल ओलंपियन मा लोंग ने तीसरी वरीयता प्राप्त लियांग को 11-8, 11-7, 11-8, 12-10 के स्कोर से हराया और पुरुष सिंगल्स में 19 वर्षीय लिन शिडोंग के खिलाफ फाइनल में जगह बनाई। 35 वर्षीय मा ने कहा, इस इवेंट से पहले मेरा प्रदर्शन मेरी उम्मीदों से कहीं बढ़कर था।

अंतिम आठ में पहुंचने के बाद, मैं बस आराम महसूस कर रहा था और कोर्ट पर खेलने का आनंद लेना चाहता था। शानदार मानसिकता के साथ, मुझे खेलों के दौरान कुछ प्रेरणाएँ मिलीं और मैंने कुछ बेहतरीन रिटर्न किए।

# मेदवेदेव ने शंघाई में अर्नाल्डी को हराया बारिश के कारण युगल मैच रद्द




**शंघाई।** दानिल मेदवेदेव ने रविवार को एटीपी शंघाई मास्टर्स 1000 इवेंट में मातयो अर्नाल्डी को 5-7, 6-4, 6-4 से हराकर चौथे दौर में जगह बनाई।

मेदवेदेव शंघाई में अगले दौर में 10वीं वरीयता प्राप्त स्टेफानोस सितसिपास या एलेक्जेंडर मुलर से भिड़ेंगे, जहां वह मई 2023 में रोम में जीत के बाद अपने पहले टूर-स्तरीय खिताब की तलाश में हैं।

28 वर्षीय रूसी खिलाड़ी चीन में एटीपी फाइनल्स क्वालीफिकेशन की दिशा में और कदम बढ़ाना चाहते हैं। वह वर्तमान में एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन में चौथे स्थान पर हैं और लगातार छठे साल प्रतिष्ठित सीजन के फाइनल में अपनी जगह पक्की करने की मजबूत स्थिति में हैं।

मेदवेदेव ने मैच के शुरूआती गेम में अर्नाल्डी की सर्विस तोड़ी, लेकिन शुरूआती दौर में वह अपनी लय बरकरार नहीं रख पाए। इटालियन खिलाड़ी ने 1-3 से आठ में से छह गेम जीतकर पहला सेट अपने नाम किया।

हालांकि, मेदवेदेव ने कुछ बेहतर सर्विस और निर्णायक सेट के नौवें गेम में एक निर्णायक, क्लिनिकल रिटर्न गेम की मदद से जीत हासिल करने का तरीका ढूंढ लिया।

बारिश के कारण मेदवेदेव और अर्नाल्डी किझोंग फॉरेस्ट स्पोर्ट्स सिटी एरिना के अंदर छत के नीचे प्रतिस्पर्धा कर रहे थे,

जिससे शंघाई मास्टर्स में लगातार दूसरे दिन बारिश के कारण खेल रुका रहा।एटीपी टूर ने कहा, एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में कम से कम शाम 5 बजे तक बाहरी कोर्ट पर कोई मैच शुरू नहीं होगा। रविवार को होने वाले सभी डबल्स मैच रद्द कर दिए गए हैं।

# हॉकी इंडिया ने सुल्तान ऑफ जोहोर कप के लिए 18 सदस्यीय जूनियर टीम की घोषणा की



**बेंगलुरु।** हॉकी इंडिया ने रविवार को 18 सदस्यीय जूनियर पुरुष टीम की घोषणा की, जो मलेशिया में सुल्तान ऑफ जोहोर कप के 12वें संस्करण में भाग लेने के लिए तैयार है।

नवनियुक्त मुख्य कोच पीआर श्रीजेश मलेशिया में टीम की कमान संभालेंगे, जबकि आमिर अली कप्तान होंगे और रोहित उनके डिप्टी होंगे।

भारत अपने अभियान की शुरूआत 19 अक्टूबर को जापान के खिलाफ करेगा, उसके बाद 20 अक्टूबर को ग्रेट ब्रिटेन से भिड़ेगा। एक दिन के आराम के बाद, भारत 22 अक्टूबर को मेजबान मलेशिया से भिड़ेगा और उसके बाद 23 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया से मुकाबला होगा।

आखिरी ग्रुप स्टेज मैच में, 25 अक्टूबर को, भारत न्यूजीलैंड से भिड़ेगा और 26 अक्टूबर को होने वाले फाइनल में पहुंचने के लिए पूल में शीर्ष दो टीमों में शामिल होने की उम्मीद करेगा।

डिफेंडर आमिर अली और फॉरवर्ड गुरजोत सिंह दो खिलाड़ी हैं, जिन्होंने हाल ही में चीन के मोकी में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2024 में खेले और भारत को अपना खिताब बरकरार रखने में मदद की।

आमिर ने टूनामेंट में चोटिल डिफेंडर संजय की जगह बेहतरीन प्रदर्शन किया, जबकि गुरजोत ने सभी मैचों में फॉरवर्ड लाइन का नेतृत्व किया और अपार क्षमता दिखाई।

कप्तान आमिर ने कहा, सुल्तान ऑफ जोहोर कप हमेशा की तरह हमारे कैलेंडर में एक महत्वपूर्ण टूनामेंट है। यह टूनामेंट इस साल नवंबर में होने वाले पुरुष जूनियर एशिया कप मस्कट 2024 से पहले टीम के लिए एक लिटमस टेस्ट के रूप में काम करेगा। सभी खिलाड़ी मलेशिया में कुछ बेहतरीन हॉकी मैच खेलने के लिए उत्साहित हैं।

उप-कप्तान रोहित ने भी उनका साथ देते हुए कहा, हमारे पास टीम की कमान संभालने वाला एक भारतीय हॉकी दिग्गज है, पूरी टीम खेलने के लिए बेताब है।

पीआर श्रीजेश भारत के लिए खेलने वाले सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक हैं, और हम अपने पहले टूनामेंट में उन्हें गौरवान्वित करने के लिए उत्सुक हैं। शिविर में माहौल बहुत अच्छा रहा है और हम सुल्तान ऑफ जोहोर कप में अपनी क्षमता का प्रदर्शन करके इसका लाभ उठाना चाहते हैं।

# मुचोवा चाइना ओपन के फाइनल में गॉफ से होगा खिताबी मुकाबला




**बीजिंग।** चेक गणराज्य की कैरोलिना मुचोवा शनिवार को घरेलू पसंदीदा और पेरिस ओलंपिक चैंपियन झेंग किनवेन को हराने के बाद 2024 चाइना ओपन महिला एकल फाइनल में नंबर 4 वरीयता प्राप्त अमेरिका की कोको गॉफ से भिड़ेंगी।

शुक्रवार को शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका की 15 मैचों की जीत का सिलसिला खत्म करने वाली दुनिया की 49वें नंबर की खिलाड़ी मुचोवा ने सेमीफाइनल में दमदार शुरूआत की और पहले सेट में 3-2 की बढ़त हासिल की।

शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार छठे गेम में ब्रेकपॉइंट बचाने की कोशिश करते समय झेंग को दर्दनाक तरीके से गिरना पड़ा, जिससे वह कोर्ट पर परेशान दिखाई देने लगीं।

चकित्सा सहायता प्राप्त करने और अपनी चोटिल उंगलियों पर पट्टी बांधने के बाद, झेंग ने खेलना जारी रखा, लेकिन मुचोवा ने इस मौके का फायदा उठाते हुए पहला सेट 6-3 से जीत लिया।

दूसरे सेट में, झेंग ने दृढ़ वापसी की, लेकिन सात डबल फॉल्ट से जूझती रही, जिससे उसका सर्विस गेम बाधित हुआ। मुचोवा ने स्थिर रहते हुए झेंग के प्रयासों को रोककर 6-4 से जीत हासिल की और फाइनल में जगह बनाई।

झेंग ने कहा, मैं वास्तव में बहुत थक गई थी। कोई ऊर्जा नहीं है। बस इतना ही। मुझे ठीक से पता है कि मैं क्यों गिरी, क्योंकि मैं पर्याप्त रूप से केंद्रित नहीं थी।

मैं बहुत थक गई थी। अगर मुझे कल अधिक नींद आती, तो मैं बेहतर प्रदर्शन कर सकती थी।

मुचोवा ने कहा, आज कड़ी टक्कर थी। मुझे खुशी है कि मैं पूरे मैच में अपनी सर्विस को बनाए रखने में सक्षम रही। मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करूंगी और उसे (कोको गॉफ) चुनौती दूंगी। उम्मीद है कि मैं कल सर्वश्रेष्ठ परिणाम प्राप्त करूंगी। इससे पहले शनिवार को, गॉफ ने स्पेन की पाउला बडोसा के खिलाफ प्रभावशाली वापसी की, पहले सेट में पिछड़ने के बाद 4-6, 6-4, 6-2 से जीत हासिल की।

गॉफ ने कहा, मैं फाइनल में पहुंचकर खुश हूं। मुझे इसकी उम्मीद नहीं थी। कैरोलिना, मैंने उसके साथ दो बार खेला, दोनों ही बार हार्ड कोर्ट पर।

वह एक कठिन प्रतिद्वंद्वी है और टूर पर सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक है। फाइनल एक कठिन मैच होगा, और यही बात टेनिस को रोमांचक बनाती है। मैं सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ खेलने के लिए उत्साहित हूं।

# फुटबॉल : चोट के कारण लुओंगो की ऑस्ट्रेलियाई वापसी रुकी, मिडफील्डर हुए विश्व कप क्वालीफायर से बाहर



**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के मिडफील्डर मैसिमो लुओंगो की अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से वापसी फिलहाल रुक गई है क्योंकि उन्हें टखने की चोट के कारण चीन और जापान के खिलाफ फीफा 2026 वर्ल्ड कप क्वालिफायर मैचों से बाहर कर दिया गया है।

पिछले हफ्ते, प्रीमियर लीग के इप्सविच टाउन एफसी के लिए खेलने वाले लुओंगो ने अंतरराष्ट्रीय रिटायरमेंट से वापसी की थी और 26 सदस्यीय ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल हुए थे। लेकिन अब चोट के कारण वह बाहर हो गए हैं।

इसके साथ ही एक और मिडफील्डर, कॉनर मेटकाल्फ को भी पैर की चोट के कारण टीम से बाहर कर दिया गया है। वह रविवार को बुंदेसलीगा के सेंट पाउली क्लब की मैन्ज के खिलाफ 3-0 की हार में नहीं खेले थे।

ऑस्ट्रेलियन फुटबॉल एसोसिएशन (एएफए) ने कहा, लुओंगो और मेटकाफ की चोटों के बारे में टीम के मेडिकल स्टाफ को आधिकारिक घोषणा के बाद जानकारी मिली। अब क्लबों के साथ मिलकर दोनों की चोट की जांच और रिहैबिलिटेशन की योजना बनाई जाएगी।

लुओंगो और मेटकाल्फ की जगह ल्यूक ब्रैटन और पैट्रिक याजबेक को टीम में शामिल किया गया है। याजबेक को मार्च 2024 में लेबनान के खिलाफ अपने डेब्यू के बाद पहली बार बुलाया गया है, जबकि ब्रैटन 2018 के बाद पहली बार टीम में वापस आए हैं।

ऑस्ट्रेलिया 10 अक्टूबर को एडिलेड ओवल में चीन और 15 अक्टूबर को जापान के सैतामा स्टेडियम में जापान से भिड़ेगा। ऑस्ट्रेलिया क्वालिफायर के ग्रुप सी में पांचवें स्थान पर है। वह जापान से पांच और सऊदी अरब से तीन अंक पीछे है।

एएफसी एशियाई क्वालिफायर्स झ छह टीमों के तीन ग्रुप होंगे, जहां सभी टीमें घर और बाहर के मैच खेलेंगी। हर ग्रुप की शीर्ष दो टीमें सीधे फीफा वर्ल्ड कप 2026 के लिए क्वालीफाई करेंगी।

# भारत बनाम पाक , दुबई क्रिकेट स्टेडियम का टी20 इतिहास, खिलाड़ी बना सकते हैं ये रिकॉर्ड



**दुबई।** भारत और पाकिस्तान क्रिकेट टीम महिला टी20 विश्व में एक दूसरे के आमने-सामने होंगी।

न्यूजीलैंड के खिलाफ हारने के बाद भारत के लिए यह मुकाबला काफी अहम होने जा रहा है। यह मैच रविवार को दुबई के इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में होने जा रहा है।

भारत-पाकिस्तान का यह मैच दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम के इतिहास का हिस्सा बनने जा रहा है। यह वहां खेला जाने वाला 100वां टी20 मैच होगा। इस स्टेडियम में पुरुष क्रिकेट टीमों के 92 मैच हो चुके हैं।

दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम पर अब तक 7 महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले गए हैं, जिसमें पहले बैटिंग करने वाली टीम को 3 बार सफलता मिली है और दूसरी बार बैटिंग करने वाली टीम 4 बार मैच जीती है। यहां एक भी मैच टाई नहीं हुआ है।

यहां की पिच पर सर्वोच्च स्कोर की बात करें तो न्यूजीलैंड ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ 4 विकेट के नुकसान पर 160 रन बनाए थे। यह मैच इसी टी20 विश्व कप में हुआ था और भारत को हार मिली थी। टीम इंडिया इस मैच में केवल 102 रनों पर सिमट गई थी। इस मैदान पर लक्ष्य का सबसे सफल पीछा दक्षिण अफ्रीकी महिला टीम ने किया है जिन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ बगैर विकेट खोए 119 रन बनाए थे।यहां न्यूनतम महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय स्कोर यूएई ने नामीबिया के खिलाफ 2023 में बनाया था।

इस मैदान पर सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर की बात करें तो नामीबिया महिला क्रिकेट टीम की यासमीन खान ने साल 2023 में यूएई के खिलाफ नाबाद 62 रन बनाए थे। वहीं सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के मामले में न्यूजीलैंड की रोजमेरी माइर ने भारत के खिलाफ 19 रन देकर 4 विकेट लिए थे। यह मौजूदा विश्व कप में भारत और न्यूजीलैंड का पिछला मैच ही था।

खिलाड़िया द्वारा बनाए जाने वाले संभावित रिकॉर्ड की बात करें तो कप्तान हरमनप्रीत कौर अगर इस मैच में 59 रन बना लेती हैं ।

तो वह महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय में सर्वाधिक रन बनाने वाली टॉप-3 बल्लेबाजों की लिस्ट में आ जाएंगी।

वह ऐसा करने वाली दूसरी भारतीय भी बन जाएंगी।

# सचिन को फिर से मैदान पर देखने के लिए बेहद उत्साहित




**नईदिल्ली।** क्रिकेट जगत में इंटरनेशनल मास्टर्स लीग (आईएमएल) की घोषणा से हलचल मच गई है। यह एक फ्रेंचाइजी-आधारित टी 20 टूनामेंट है, जो इस साल से शुरू होगा।

यह छह टीमों वाली लीग दो क्रिकेट आइकॉन, सुनील गावस्कर और सचिन तेंदुलकर की सोच का परिणाम है। आईएमएल हर साल होने वाला टी20 क्रिकेट टूनामेंट होगा, जिसमें शुरूआत में छह क्रिकेट खेलने वाले देशों झ भारत, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, वेस्ट इंडीज, इंग्लैंड और श्रीलंका के क्रिकेट सितारे खेलेंगे।

तेंदुलकर की वापसी से करोड़ों प्रशंसकों के बीच एक बार फिर रोमांच लौटने वाला है, जो मास्टर ब्लास्टर की बल्लेबाजी का जादू देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। सुनील गावस्कर को लीग का कमिश्नर नियुक्त किया गया है।

आईएएनएस से विशेष बातचीत में गावस्कर ने लीग को लेकर अपने विचार साझा किए। इंटरव्यू अंशः

आईएएनएसः इंटरनेशनल मास्टर्स लीग पूर्व क्रिकेटरों में नया जोश लाएगी। आप इस उत्साह को कैसे देखते हैं? गावस्करः हां, आईएमएल निश्चित रूप से पूर्व खिलाड़ियों में फिर से ऊर्जा भर देगी क्योंकि उन्हें एक बार फिर से अपने देश के लिए खेलने का मौका मिलेगा, भले ही यह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नहीं, लेकिन एक ऐसे टूनामेंट में होगा जो अंतरराष्ट्रीय जैसा ही खेला जाएगा।

आईएएनएसः सचिन तेंदुलकर फिर से मैदान में उतरेंगे और इस खबर से प्रशंसक पहले ही उत्साहित हैं। इस मेगा शो के लिए लीग की क्या योजनाएं हैं?

गावस्करः सचिन हमेशा युवा और ताजगी से भरे रहते हैं। वह सिर्फ भारतीय नहीं, बल्कि हर क्रिकेट प्रेमी के दिल में बसते हैं। इसलिए उनके फिर से मैदान में उतरने को लेकर बहुत उत्साह और बेसब्री है। वह हर खेल को पूरी लगन से खेलते हैं, तो हम उम्मीद कर सकते हैं कि आगे कुछ रोमांचक पल देखने को मिलेंगे। आईएएनएसः केवल तीन ही स्थल क्यों चुने गए हैं? क्या इसे अन्य प्रमुख स्थानों तक बढ़ाने की योजना है?

गावस्करः पहले सीजन के लिए केवल तीन स्थल होंगे, लेकिन जैसे-जैसे सीजन आगे बढ़ेंगे, और भी स्थानों पर आईएमएल का आयोजन हो सकेगा। आईएएनएसः आप लीग के कमिश्नर हैं, इस भूमिका को आप कैसे देखते हैं? कितनी चुनौतीपूर्ण होगी यह भूमिका?

गावस्करः बतौर कमिश्नर, मेरी भूमिका यह सुनिश्चित करना है कि लीग बिना किसी दिक्कत के सुचारू रूप से चले। कि उनसे क्या उम्मीद की जाती है । और वे पर्याप्त अनुभवी हैं, इसलिए टीमों के बीच किसी समस्या के पैदा होने की संभावना कम है। इस लीग के विस्तार की संभावनाएं बहुत बड़ी हैं।

# श्री हनुमान मंदिर धार्मिक रामलीला समिति ने गाजे-बाजे और झांकियों के साथ निकाली श्रीराम बारात








**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्राचीन संकटमोचन श्री हनुमान मंदिर धार्मिक रामलीला समिति द्वारा चल रही रामलीला के मंचन का सातवां दिन जिसमें श्री राम बरात का मनमोहक दृश्य देखने को मिला। श्रीराम बारात हनुमान मंदिर सेक्टर 16 से गाजे-बाजे और झांकी के साथ निकली गई। जिसमें मुख्यत पांच अलग-अलग प्रकार के बैंड, नसीर ठोल के साथ 11 अलग-अलग प्रकार की झांकियां गणेशजी, महाराज शंकर जी, पार्वतीजी, लक्ष्मी नारायणजी, हनुमान जी, भारत माता, माता वैष्णो जी और राधाकृष्ण के अलावा और भी विभिन्न प्रकार की झांकियां रहीं। साथ में 8 घोड़े सवार और बाराकतयों में सुमंत्र जी अपने रथ में सवार व श्रीईस्ट मुनी जी और अयोध्या के राजा दशरथ जी और उनके चारों प्रुत्र जिसमे अपने रथ पर सवार श्रीराम जी व अपने रथ पर लक्ष्मन, अपने रथ सवार भरत, अपने रथ पर सवार शत्रुघ्न, व अन्य रथों में सवार हो कर बाराती गण, नगर नगर जिसमें सेक्टर 16 प्रह्लादगड़ी के अलावा सेक्टर 18 वसुन्धरा, अग्रसेन चौक, सेक्टर 17 चौक होते हुए, सेक्टर 17 और 15 के बीच होते हुये सेक्टर 13 मे प्रवेश करते हुये परशुराम चौराहे होते हुए सेक्टर 12 मैंन मार्केट होते हुए, चौधरी चरण सिंह जी प्रतिमा से महावीर चौक पहुंची। वहां से थाना इन्दिरापुरम सेक्टर 7 रामलीला ग्राउंड में प्रवेश किया।

### बारातियों में गणमान्य लोग शामिल हुए

**करंट क्राइम।** बारात में रामलीला कमेटी के चेयरमैन पं. नरेंद्र भारद्वाज, महेश भारद्वाज, सुशील उपाध्यक्ष, सुरेन्द्र भारद्वाज, मनोज भारद्वाज, विजय लक्ष्मी भारद्वाज, डोली शर्मा, मनीष भारद्वाज, इद्रपाल प्रधान, नितीन यादव, एम बी कौशीक, गिरीश शर्मा, अमित किशोर, संध्या शर्मा, सविता त्रिपाठी, मास्टर जय कुमार, अमित भारद्वाज, अश्वनी कौशिक, अमित शर्मा, बंटी, सुमित भारद्वाज, राहुल राणा, मोहन सिंह राणा, प्रिंस भारद्वाज, सुरेन्द्र शर्मा, सोनू कल्याणी, विनोद एम, शैलेंद्र शर्मा, अनिल शर्मा, जोरराखड़ यादव, जनाब सिराजुद्दीन, रहीसुदीन, मोनू पंडित, वासुदेव शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# श्री सुल्लामल रामलीला में राम-केवट संवाद से दशरथ मरण तक का मंचन हुआ





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** श्री सुल्लामल रामलीला में रविवार को सुमंत विदाई, राम केवट संवाद, भरत कैकेयी संवाद, वन में भरत व राम मिलन से लेकर दशरथ मरण तक के प्रसंग का मंचन हुआ। मंचन देखने के लिए रामलीला मैदान में देर रात तक दर्शकों की भीड़ रही। लीला में सुमंत की विदाई प्रसंग के मंचन के लिए सवारी ठाकुर द्वारा मंदिर से होली वाली गली और डासना गेट पर संपन्न हुई। वहां श्रीराम सुमंत की विदाई करते हैं और वन को जाते हैं। रामघाट मंदिर पर सरयू नदी के दृश्य का मंचन किया गया। जहां राम केवट संवाद हुआ। वहां से सवारी निकली जिसमें केवट नाव पर श्रीराम सीता जी और लक्ष्मण जी को लेकर निकलते हैं। यह सवारी रमते राम रोड, अंबेडकर रोड, तुराबनगर, सब्जी मंडी घंटाघर होते हुए रामलीला मैदान पहुंची। स्टेज पर राम-केवट संवाद से दशरथ मरण तक का मंचन किया गया। लीला स्थल पर प्रमुख रूप से अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार वीरो, उस्ताद अशोक गोयल, दिनेश शर्मा बब्बे, शिव ओम बंसल, संजीव मित्तल, अनिल चौधरी, आलोक गर्ग, अनिल गर्ग, सुनील गर्ग, सुभाष शर्मा, अनिल अरोड़ा, अजय गुप्ता, नंदकिशोर शर्मा, विजय गोयल, सुभाष बजरंगी, राधवेंद्र शर्मा व पार्षद नीरज गोयल आदि उपस्थित रहे।



## दुर्गा वाहिनी मातृशक्ति ने लीलावती इंटरनेशनल स्कूल, प्रताप विहार में दुर्गाष्टमी का कार्यक्रम किया आयोजित






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नवरात्रि के पावन पर्व पर विश्व हिन्दू परिषद गाजियाबाद महानगर के अंतर्गत दुर्गा वाहिनी मातृशक्ति द्वारा दुर्गाष्टमी का कार्यक्रम लीलावती इंटरनेशनल स्कूल, प्रताप विहार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता बहन पिंकी पंवार जी (केंद्रीय सह संयोजिका दुर्गा वाहिनी) रहीं। मंच पर कार्यक्रम अध्यक्षा डॉ. मधु पोद्दार, महानगर दुर्गावाहिनी संयोजिका विधु, विहिप महानगर उपाध्यक्ष डॉ. अरुणा सिंहल, मातृ शक्ति संयोजिका चंचल सहित महानगर अध्यक्ष आलोक गर्ग, स्कूल चेयरमैन अमित बग्गा, प्रिंसिपल सपना गुप्ता, धर्म यात्रा महासंघ प्रांत गौरव सिंह, विभाग संगठन मंत्री साहिल, महानगर संगठन मंत्री मनीष, कोषाध्यक्ष डाक्टर राजीव गोयल, सह मंत्री मुदित, साप्ताहिक मिलन प्रमुख अंकित, धर्म प्रचार-प्रसार प्रमुख डॉ. सुरेन्द्र गुप्ता एवं मातृशक्ति एवं दुर्गा शक्ति की बहनें उपस्थित रहीं। मुख्य वक्ता पिंकी पंवार ने रानी दुर्गावती एवं महारानी अहिल्याबाई होल्कर के महान व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए सेवा, सुरक्षा की भावना पर अपना ऊर्जावान बौद्धिक विचार रखकर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। दुर्गा अष्टमी के इस सफल कार्यक्रम में लगभग 150 मातृ शक्ति दुर्गावाहिनी की बहनों व सभी खंडों, परखंडों के अधिकारी, भाइयों, बहनों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया।

## न्यूज डायरी

### इंस्टाग्राम पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने पर किशोर गिरफ्तार



**लोनी (करंट क्राइम)।** टीलाशबाजपुर गांव का एक किशोर हिन्दू समाज की माता-बहनों पर आपत्तिजनक पोस्ट इंस्टाग्राम पर डालकर समाज की धार्मिक भावनाओं को भड़काकर सांप्रदायिक दंगे कराना चाहता था। गांव के ही एक युवक ने उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### दुकान की दीवार तोड़कर लाखों की चोरी



**लोनी (करंट क्राइम)।** किराने की दुकान की दीवार तोड़कर 15 हजार रुपए की नगदी तथा तीन लाख रुपए का सामान चोरी कर लिया। पीड़ित दुकानदार ने रिपोर्ट दर्ज करा दी है। ट्रॉनिका सिटी थाने के सूंगरपुर गांव निवासी अजयपाल की पूजा कॉलोनी में किराने की दुकान है। अजयपाल ने बताया कि चार अक्टूबर की रात चोरों ने दुकान की दीवार तोड़कर 15 हजार की नगदी एवं सामान चोरी कर लिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### फाइबर की मूर्तियां बनाने की फैक्टरी में आग लगी



**लोनी (करंट क्राइम)।** डीएलएफ अंकुर विहार कॉलोनी में करीब दो सौ वर्ग के भूखंड पर चल रही फाइबर की मूर्तियां बनाने की फैक्टरी में अचानक आग लग गई। ट्रॉनिका सिटी से मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड की दो गाड़ियो ने एक घंटे की कडी मशक्त के बाद आग पर काबू पाया। रविवार शाम करीब तीन बजे फैक्टरी में आग लग गई। कालोनीवासियों की सूचना पर ट्रॉनिका सिटी फायर बिग्रेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और एक घंटे की कडी मशक्त के बाद आग पर काबू पा लिया।

### किशोरी के अपहरण में नामजद आरोपी जेल भेजा




**लोनी (करंट क्राइम)।** किशोरी के अपहरण में नामजद आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। किशोरी के परिजनों ने आरोपी की बहन और भाई पर भी अपहरण का आरोप लगाया था, लेकिन दोनो निर्दोष पाए गए। एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि 30 सितम्बर को लोनी बार्डर थाने पर एक व्यक्ति ने 16 वर्षीय बेटी के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें दिल्ली केंट निवासी दीपक तथा उसके भाई बहन पर आरोप लगाया गया था। पुलिस ने तीन अक्टूबर को किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया था। जबकि रविवार को आरोपी दीपक 22 को गिरफ्तार कर लिया गया है। विवेचना में उसके भाई बहन निर्दोष पाए गए हैं। आरोपी दिल्ली केंट का रहने वाला है।

### किशोरी के साथ दुष्कर्म का आरोपी जेल भेजा




**लोनी (करंट क्राइम)।** पुलिस ने किशोरी के साथ दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपी किशोरी का ही रिश्तेदार बताया जा रहा है। एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि एक अक्टूबर को लोनी बार्डर थाने के बेहटा में एक युवक ने पडोसी की 13 वर्षीय बेटी के साथ दुष्कर्म किया था। किशोरी घर में अकेली थी तथा युवक को घर की देखभाल की जिम्मेदारी देकर बाहर गई थी। पीडिता के परिजनों की शिकायत पर आरोपी सुमित के खिलाफ दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। शनिवार को पुलिस ने आरोपी सुमित को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत



**लोनी (करंट क्राइम)।** लोनी रेलवे स्टेशन और खरखडी हाल्ट के बीच शनिवार रात करीब 30 वर्षीय अज्ञात युवक की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। उसकी जेब से भटिंडा दिल्ली का एक ट्रेन टिकट बरामद हुआ है। रविवार सुबह एक ट्रेन चालक ने रेलवे ट्रेक के किनारे शव पडा देख लोनी स्टेशन पर सूचना दी। सिविल पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### श्रीराम लीला कमेटी में सीताहरण का मार्मिक मंचन किया गया

**लोनी (करंट क्राइम)।** लोनी की श्रीराम लीला कमेटी द्वारा आयोजित रामलीला में शनिवार रात भरत मिलाप का अत्यंत भावुक मंचन किया गया। रविवार रात सूर्पणखा की नाक काटने का हास्यास्पद मंचन तथा सीता हरण का मार्मिक मंचन किया गया। कमेटी के अध्यक्ष रतन सिंह भाटी और सचिव अरविंद गोयल ने बताया कि पुलिस प्रशासन की सुदृढ व्यवस्था तथा आगरा के मंजे हुए कलाकारों के सुंदर मंचन से दिन प्रतिदिन दर्शकों की संख्या में वृद्धि हो रही है। जिससे आयोजन कताओं की भी हौंसलाअफजाई हो रही है।

# हापुड़ की ओर से आ रही पिकअप को बस ने मारी टक्कर, दो व्यक्ति घायल





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के थाना मसूरी क्षेत्र के ताज कॉलोनी के पास, नेशनल हाईवे 9 पर रात्रि तकरीबन सवा दस बजे एक सड़क हादसा हुआ जिसमें दो व्यक्ति घायल हो गए। हादसा तब हुआ जब हापुड़ की तरफ से आ रही एक पिकअप वाहन का टायर पंचर हो गया और दो लोग सड़क किनारे टायर बदल रहे थे। उसी समय कौशांबी डिपो की एक बस ने उन्हें पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों व्यक्ति बुरी तरह घायल हो गए। हादसे में घायल व्यक्तियों की पहचान जब्बार (32 वर्षीय) पुत्र बोना और अज्जू उर्फ आजाद (27 वर्षीय) पुत्र लाला, दोनों निवासी अजराड़ा मेरठ के रूप में हुई है। घायलों को उपचार के लिए नजदीकी डासना सीएससी में भर्ती कराया गया। जब्बार और अज्जू की हालत नाजुक होने के कारण उन्हें मणिपाल अस्पताल में रेफर किया गया, जहां से एक व्यक्ति को गंभीर स्थिति में दिल्ली के एम्स में और दूसरे को मेरठ भेज दिया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# समयपुर में दो समुदायों के बीच झगड़े की अफवाह, पुलिस ने किए हालात स्पष्ट





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के थाना मसूरी क्षेत्र के ग्राम समयपुर में दो अलग-अलग समुदायों के पक्षों के बीच झगड़े की सूचना मिली। घटना की जानकारी होते ही थाना मसूरी पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। जांच में पाया गया कि दो लोगों के बीच कुछ कहासुनी हुई है। अफवाहें फैलने लगीं कि दो समुदायों के बीच झगड़ा हुआ है, पुलिस ने स्पष्ट किया कि मारपीट जैसी कोई घटना नहीं हुई है। सहायक पुलिस आयुक्त, मसूरी, सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि घटनास्थल पर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है और शांति बनाए रखने के लिए सतर्कता बरती जा रही है।




## कभी इधर तो कभी उधर घूम रहा है एक थ्री-स्टार

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में वैसे तो बड़ी संख्या में थ्री-स्टार हैं लेकिन कुछ थ्री-स्टार इन दिनों लाइन में होने के बावजूद भी टीआरपी में चल रहे हैं। सुनने में आया है कि लंबे समय से लाइन में चल रहे एक मजबूत कहे जाने वाले थ्री-स्टार आजकल कभी इस ऑफिस में चक्कर लगा रहे हैं। तो कभी उन्हें ऑफिस में कभी वह ऑन रोड ड्यूटी दे रहे हैं। तो कभी हालात को संभालने का काम कर रहे हैं। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बताते हैं कभी थ्री-स्टार का जलवा रहता था। यह कई आईपीएस अधिकारियों के खास माने जाते हैं। उनकी नदियापार के दो प्रमुख थानों में तैनाती रहने के साथ ही सिटी के भी तीन थानों में उनकी पारी रह चुकी है। यह देहात गए तो वहां उनकी भगवा दल वाले एक बड़े फेस ने शिकायत सीधे प्रमुख से की थी। शिकायत के बावजूद भी लंबी पारी खेल गए और वर्तमान में लाइन की ड्यूटी भी कर रहे हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम वाले सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके से कमिश्नरेट में हाल चल रहा है, अभी वह अपना छटवां महीना होने का वेट कर रहे हैं। देखना होगा कि वह जिन-जिन खास कार्यालय में एंट्री कर रहे हैं, वहां उनकी बात बन पाती है या नहीं बन पाती है।



सुनने में तो यहां तक आया है कि बीते दिनों लखनऊ वाला प्रयास भी किया जा रहा था लेकिन सफलता नहीं मिली। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि बीते तीन दिनों से कमिश्नरेट में जो हंगामे वाला माहौल चल रहा है, उसमें इनको खास इलाके में ड्यूटी पर भी लगाया गया था। बताते हैं कि कमिश्नरेट में अपने जुगाड़ तंत्र पर सफल नहीं होने वाले थ्री-स्टार परेशान भी चल रहे हैं। उनको अंदर-अंदर इस बात का भी दर्द रहता है कि जिस सिस्टम में कभी उनका डंका बचता था, आज वह यहां वो याचक की भूमिका में रह गए हैं। कुल मिलाकर देखना होगा कि कितने दिन अभी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के इस थ्री-स्टार को लाइन वाली ड्यूटी को अंजाम देना है। उधर सुनने में आया है कि यह थ्री-स्टार कभी शांति भंग वाले मामले को लेकर इतना भौकाल जमाते थे कि आईपीएस अधिकारियों से लेकर भगवागढ़ के पदाधिकारी और जानकारों की भी बात नहीं सुनते थे, जबकि वर्तमान की स्थिति ऐसी है कि वह सब ड्यूटी भी थ्री-स्टार कर रहे हैं जिसको वह कभी जरूरी नहीं मानते थे। इसे वक्त का हंटर ही कहा जाएगा, जो इन दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में तैनात इस थ्री-स्टार पर जमकर चल रहा है।

## दिल्ली पब्लिक स्कूल एच.आर.आई.टी. कैंपस में दो दिवसीय अंतर्विद्यालयी फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** डी.पी.एस. एच.आर.आई.टी. कैंपस में दो दिवसीय अंतर्विद्यालयी फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन रविवार को मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश फुटबॉल एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी अशोक नागर एवं अर्जुन अवार्ड विजेता सुश्री अलका तोमर, डॉ. अनूप सिंह, एच.आर.आई.टी. यूनिवर्सिटी के कुलपति एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य डॉ. अनिल अग्रवाल, उप कुलपति अंजुल अग्रवाल, डायरेक्टर वैशाली अग्रवाल एवं प्रधानाचार्या नंदिनी शेखर आदि सभी गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। फुटबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन अंडर 15 में के.डी.बी. व जयपुरिया के बीच फाइनल खेला गया एवं के.डी.बी. स्कूल की टीम विजेता रही। अंडर 17 में डी.पी.एस.एच.आर. आई. टी. कैंपस व प्रेसीडियम की टीमें फाइनल में खेलीं व प्रेसीडियम की टीम विजेता रही। अंडर 15 में के.डी.बी. स्कूल के यशवंत को बेस्ट गोलकीपर, निकुंज को टॉप स्कोरर, प्रभास को मैन ऑफ द मैच, के.डी.बी. टीम को बेस्ट प्लेयर का पुरस्कार प्रदान किया गया। रनर अप का पुरस्कार जयपुरिया स्कूल को दिया गया। भागीरथ पब्लिक स्कूल को पार्टिसिपेशन अवार्ड दिया गया। प्रेजिडियम स्कूल से कृष्णा को बेस्ट गोलकीपर का अवार्ड। रॉबी को बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट, दक्ष शर्मा को मैन ऑफ द मैच एवं डी.पी.एस. एच. आर.आई.टी.कैंपस से कृष्णा को बेस्ट गोलकीपर का अवार्ड प्रदान किया गया।

रनर अप टीम का अवार्ड डी.पी.एस.एच.आर.आई.टी. कैंपस की टीम को दिया गया। अर्जुन अवार्ड विजेता अलका तोमर ने छात्रों को प्रोत्साहित किया। विद्यालय के चेयरमैन एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य डॉ. अनिल अग्रवाल ने छात्रों को संबोधित करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्या नंदिनी शेखर ने सभी प्रतिभागियों को इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए धन्यवाद दिया।



# राजनगर आरडब्ल्यूए अध्यक्ष पद के लिए पूजा-अर्चना के बाद किया नामांकन





### गुरुद्वारे में सरोपे से हुआ सम्मान और मंदिर में आयोजित हुआ भंडारा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सेक्टर 10 के गुरुद्वारे में रविवार सुबह कार्यकारी अध्यक्ष दीपक कांत ने भंडारे का कार्यक्रम रखा जिसमें आरआरडब्ल्यूए के बहुत से सक्रिय सदस्यों ने प्रसाद ग्रहण किया। एसएसपुरी ने सभी का स्वागत किया। एसएसपुरी ने दीपक कांत को सरोपे से सम्मानित किया। गुरुद्वारे मैं उपस्थित सभी गणमान्य लोगों ने दीपक कांत को आरआरडब्ल्यूए के अध्यक्ष पद के चुनाव में अपना पूरा सहयोग दिए जाने का आश्वासन दिया। कांग्रेस अध्यक्ष ने अपने परिवार व सभी सदस्यों के साथ मंदिर में पूजा अर्चना की।

**इस अवसर पर गणमान्य लोग उपस्थित रहे :**

इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष दीपक कांत के साथ कांग्रेस सचिव प्रभाकर त्यागी, के.पी. गुप्ता, जय कुमार गुप्ता, विनीत शर्मा, अमरीश त्यागी, सीए दीपक मित्तल, वीरेंद्र सारस्वत जितेंद्र रंधावा, नरेश त्यागी, राजेंद्र चौधरी, चंद्र मोहन, एम के अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, राकेश चावला, रवि मोहन, जग मोहन त्यागी, भूपेंद्र चित्तोडिया, ओ पी भोला, डॉ. आर के मित्तल, वेद त्यागी, जे पी राणा, अरविंद अग्रवाल, पंकज भारद्वाज, सुनील दत्त, विनोद गुप्ता, राम कुमार गुप्ता, सुभाष गुप्ता, गुड्डू चौहान, गोल्डी, विवेक आदि नारायण गुप्ता, नरेन्द्र कंसल, जगजीत कुमार, मोती लाल, राजीव मोहन साठे वाले, संजीव जैन, घनश्यामदास अग्रवाल, प्रशांत गर्ग, सागर शर्मा, के के त्यागी, एस एस पुरी, सुरेश गुप्ता, अजय त्यागी, मुकेश मित्तल, अर्पित गोयल, प्राक्षी गोयल, अनिल गुप्ता, सिमरन रंधावा, आरती गौड़ आदि महिलाएं व अन्य बहुत से सदस्य उपस्थित रहे। नामांकन पत्र चुनाव संयोजक राकेश मोहन सिंघल को प्राप्त करवाया गया तथा जलपान के बाद सभी का आभार व्यक्त किया।





# इमरान की पार्टी ने भरी हुंकार
## कहा- जारी रहेगा प्रदर्शन

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में सियासी उठापटक तेज हो गई है। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गंडापुर ने पिछले महीने एक बड़े राजनीतिक आंदोलन की घोषणा की थी। उनका कहना था कि अब हालात ऐसे हो गए हैं कि बिना इस आंदोलन के देश में कोई सुधार संभव नहीं है। हालांकि, हाल ही में वह रहस्यमय तरीके से गायब हो गए। इसके बावजूद जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पीटीआई पार्टी ने सरकार के खिलाफ अपना विरोध-प्रदर्शन जारी रखने का फैसला लिया। ऐसे में, राजधानी में रविवार को लगातार दूसरे दिन हालात तनावपूर्ण रहे।

### नतीजे गंभीर होने की धमकी

राजनीतिक समिति ने प्रदर्शनकारी नेता गंडापुर के लापता होने की भी आलोचना की। समिति ने चेतावनी दी कि अगर उन्हें गिरफ्तार किया गया तो इसके गंभीर परिणाम होंगे। नेशनल असेंबली के पूर्व स्पीकर और पीटीआई के वरिष्ठ नेता असद कैसर ने बताया कि पीटीआई की राजनीतिक समिति ने तब तक प्रदर्शन जारी रखने का फैसला किया है जब तक कि खान से प्रदर्शन खत्म करने का स्पष्ट निर्देश नहीं मिल जाता।

**इस्लामाबाद में मोबाइल फोन सेवाएं बंद**

**इस्लामाबाद के रावलपिंडी में तीसरे दिन भी मोबाइल फोन सेवाएं बंद :** एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, रावलपिंडी और इस्लामाबाद में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रदर्शन के बीच जारी अशांति के बीच मोबाइल फोन सेवाएं रविवार को तीसरे दिन भी निलंबित रहीं। पंजाब पुलिस के अधिकारी पूरे शहर में विभिन्न स्थानों पर तैनात हैं।

**पार्टी की बैठक में यह बड़े फैसले लिए :** पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ (पीटीआई) पार्टी ने रात भर चली बैठक में फैसला किया कि प्रदर्शन तब तक जारी रहेगा जब तक इमरान खान इसे खत्म करने के लिए नहीं कहते। पीटीआई की राजनीतिक समिति ने यह भी फैसला किया कि अगर गंडापुर को गिरफ्तार किया जाता है, तो पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम स्वाति विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करेंगे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, अगर स्वाति को गिरफ्तार किया जाता है तो कमान संभालने के लिए एक नए नेता को चुना जाएगा।

**एक साल से बंद पीटीआई संस्थापक :** गौरतलब है, पीटीआई के संस्थापक इमरान खान एक साल से अधिक समय से रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। रैली का मकसद खान की रिहाई, न्यायपालिका की स्वतंत्रता और बढ़ती महंगाई का विरोध करना है।

**'जयशंकर को विरोध-प्रदर्शन के लिए आमंत्रित नहीं किया गया': पीटीआई :** जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने विदेश मंत्री एस जयशंकर को अपने प्रदर्शन में शामिल होने के पार्टी के एक नेता के निमंत्रण से दूरी बना ली है।

# इस्राइल के हवाई हमलों से दहल उठा बेरूत
## कई किलोमीटर दूर तक सुनी गई धमाकों की आवाज



**इस्राइली हमलों के चलते सैकड़ों लेबनानी नागरिक मारे गए**

**12 लाख लोग विस्थापन के लिए मजबूर, जो आबादी का लगभग एक चौथाई हिस्सा है**

**बेरूत।** लेबनान की राजधानी बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में शनिवार देर रात से रविवार तक इस्राइल ने बड़े पैमाने हवाई हमले किए। इस्राइली हमलों के चलते हुए धमाकों से पूरा बेरूत दहल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, इस दौरान कई किलोमीटर दूर तक धमाकों की आवाज सुनाई दी और लाल-सफेद रंग की चमक दिखाई दी।

समाचार एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, लेबनान के एक सुरक्षा सूत्र ने शनिवार को कहा कि बेरूत के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास एक इस्राइली हवाई हमले के बाद हिजबुल्ला के संभावित उत्तराधिकारी हशेम सफीद्दीन शुक्रवार से संपर्क से बाहर हो गए थे, जिसमें कथित तौर पर उन्हें निशाना बनाया गया था। हालांकि, हिजबुल्ला ने सफीद्दीन पर अब तक कोई टिप्पणी नहीं की है।

लेबनानी सुरक्षा सूत्रों ने कहा कि मध्य बेरूत के दक्षिण में एक आवासीय क्षेत्र और हिजबुल्ला के गढ़ दहियाह पर शुक्रवार से इस्राइली हमलों ने बचावकर्मियों को बृहस्पतिवार रात के हमले की जगह का पता लगाने से रोक दिया है।

लेबनान के एक सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि शनिवार को इस्राइल ने उत्तरी शहर त्रिपोली में अपना पहला हमला किया और इस्राइली सैनिकों ने दक्षिण में छापे मारे। रॉयटर्स के प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इस्राइली सेना द्वारा कुछ निवासियों को भागने की चेतावनी देने के बाद, शनिवार देर रात बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में हवाई अड्डे के करीब सहित कम से कम आठ हमले हुए।

इस्राइली सेना के प्रवक्ता रियर एडमिरल डेनियल हगारी ने शनिवार को कहा कि इस्राइल ने दक्षिणी लेबनान में अपने जमीनी अभियान में 440 हिजबुल्ला लड़ाकों को मार गिराया है। इसके साथ ही 2000 हिजबुल्ला ठिकानों को नष्ट कर दिया है। हालांकि, हिजबुल्ला ने मरने वालों की संख्या जारी नहीं की है।

इस्राइल का कहना है कि उसने उत्तरी इस्राइल में अपने घरों में हजारों नागरिकों की सुरक्षित वापसी को सक्षम करने के लिए हिजबुल्ला पर अपना हमला तेज कर दिया है। इस्राइली अधिकारियों के मुताबिक, दक्षिणी लेबनान में अब तक नौ इस्राइली सैनिक मारे जा चुके हैं।

लेबनानी अधिकारियों का कहना है कि इस्राइली हमलों के चलते सैकड़ों लेबनानी नागरिक मारे गए हैं। इसके अलावा, 12 लाख लोगों को अपने घरों से विस्थापन के लिए मजबूर होना पड़ा है, जो आबादी का लगभग एक चौथाई हिस्सा है।

लेबनानी सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि त्रिपोली में फलस्तीनी शरणार्थी शिविर पर शनिवार को हुए हमले में हमास के एक सदस्य, उसकी पत्नी और दो बच्चों की मौत हो गई। फलस्तीनी समूह से संबद्ध मीडिया ने कहा कि हमले में उसके सशस्त्र विंग के नेता सईद अताल्लाह की मौत हो गई।

# ईरान को अपने तेल ठिकानों पर इस्राइली हमले का डर


**तेल अवीव।** ईरान को अपने तेल ठिकानों पर इस्राइली हमले का डर है। यही वजह है कि ईरान के ऊर्जा मंत्री ने खर्ग द्वीप पर स्थित देश के सबसे बड़े तेल टर्मिनल का दौरा किया। इस तेल टर्मिनल की क्षमता 2.3 करोड़ बैरल कच्चा तेल है।

**इस्राइली सेना ने हिजबुल्ला के हथियारों के जखीरे पर किया हमला :** इस्राइली सेना ने बीती रात बेरूत में हिजबुल्ला के हथियारों के जखीरे के निशाना बनाया। इस्राइली सेना का यह हमला हिजबुल्ला की ताकत को कम करने के उद्देश्य से किया गया। हमले से पहले लोगों को इलाका खाली करने की चेतावनी दे दी गई थी।

**ईरान की कुद्स फोर्स के प्रमुख के इस्राइली हमले में मारे जाने की आशंका :** ईरान की कुद्स फोर्स के प्रमुख के इस्राइली हमले में मारे जाने की आशंका जताई जा रही है। दरअसल कुद्स फोर्स के कमांडर इस्माइल कानी को बीते हफ्ते बेरूत में देखा गया था, वह इस्राइली हमले में हिजबुल्ला की मदद के उद्देश्य से बेरूत गए थे, लेकिन अब उनके बारे में कोई जानकारी नहीं है। ऐसी चर्चाएं हैं कि इस्राइली हमले में कुद्स फोर्स के प्रमुख की मौत हो गई है। ईरान की तरफ से भी इसे लेकर कोई बयान नहीं दिया गया है।

**इस्राइल विरोधी प्रदर्शन के दौरान पत्रकार ने खुद को लगाई आग :** अमेरिका में इस्राइल विरोधी प्रदर्शन के दौरान एक पत्रकार ने अपने हाथ में लगाई आग। पत्रकार की पहचान सैमुअल मेना के रूप में हुई है।

# इजरायल का गाजा में मस्जिद और स्कूल पर बड़ा हमला
## 24 लोगों की हुई मौत, 93 घायल



**देर अल-बला:** गाजा पट्टी की एक मस्जिद और स्कूल पर इजराइली हवाई हमले में रविवार तड़के कम से कम 24 लोगों की मौत हो गयी। 93 लोग घायल हो गए। फलस्तीनी अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इजराइल ने ईरान समर्थित आतंकवादी समूहों के खिलाफ युद्ध का दायर बढ़ाते हुए उत्तरी गाजा और दक्षिणी बेरूत में बमबारी तेज कर दी है। इजराइल सात अक्टूबर को हमास के हमले के करीब एक साल बाद भी उससे लड़ रहा है और उसने लेबनान में हिजबुल्ला के खिलाफ नया मोर्चा खोल दिया है।

मध्य देर अल-बला शहर के मुख्य अस्पताल के समीप एक मस्जिद में शरण लेने वाले विस्थापित लोगों पर हमला किया गया। इजराइल ने सबूत उपलब्ध कराए बिना कहा कि उसने हमास के कमांड एवं नियंत्रण केंद्र को निशाना बनाया है। ह्यएसोसिएटेड प्रेसह्न के एक पत्रकार ने अल-अक्सा शहीद अस्पताल के मुर्दाघर में शवों की गिनती की। अस्पताल के रिकॉर्ड से पता चलता है कि सभी मृतक पुरुष थे। एक अन्य पुरुष गंभीर रूप से घायल है।

### सेना का हवाई हमला

इस बीच, सेना ने उत्तरी गाजा के जबालिया में नए सिरे से हवाई और जमीनी आक्रमण शुरू करने की घोषणा की, जहां इजराइल की स्थापना के आसपास 1948 के युद्ध के घनी आबादी वाले शरणार्थी शिविर स्थित हैं। उसने कई तस्वीरें और वीडियो प्रसारित की हैं जिनमें इलाके की ओर जा रहे कई टैंक दिखायी दे रहे हैं। सेना ने कहा कि उसके सैनिकों ने जबालिया को घेर लिया है।

इजराइल ने उत्तरी गाजा को खाली करने का भी ताजा आदेश जारी किया है जो युद्ध के शुरूआती हफ्तों में काफी हद तक खाली हो गया जब इजराइल ने उत्तरी गाजा की पूरी आबादी को दक्षिण की ओर जाने का आदेश दिया था। ऐसा अनुमान है कि कठिन परिस्थितियों और बड़े पैमाने पर विनाश के बावजूद 3,00,000 लोग वहां रह रहे हैं। सेना ने इलाके में गिराए पर्चों में कहा, ह्यहम युद्ध के नए चरण में हैं। इन इलाकों को खतरनाक युद्ध क्षेत्र माना जाता है।ह्न

### अब तक कितनों की मौत

फलस्तीनी निवासियों ने उत्तरी गाजा में इजराइल की ओर से भारी बमबारी किये जाने की खबर दी है। स्थानीय पत्रकारों ने बताया कि जबालिया में एक घर पर बमबारी में उनका एक सहकर्मी हसन हम्द मारा

# पाक सेना और आतंकवादियों में मुठभेड़
## लेफ्टिनेंट कर्नल सहित छह सैनिक मारे गए

### सेना ने छह आतंकियों को मौत के घाट उतारा



**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक मुठभेड़ में छह सैनिक और छह आतंकवादी मारे गए। मरने वालों में एक सेना का अधिकार भी शामिल है। सेना ने शनिवार को यह जानकारी दी।

सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने बताया कि यह मुठभेड़ शुक्रवार की देर रात उत्तरी वजीरिस्तान जिले के स्पिनवाम इलाके में हुई। इस मुठभेड़ में लेफ्टिनेंट कर्नल मुहम्मद अली शौकत सहित छह सैनिक और छह आतंकवादी मारे गए। लेफ्टिनेंट शौकत (43 वर्षीय) आतंकवादियों के खिलाफ अभियान का नेतृत्व कर रहे थे। लेकिन वह आतंकवादियों के साथ गोलीबारी में मारे गए।

आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। टीटीपी को 2007 में कई सशस्त्र संगठनों के एक छत्र समूह के रूप में स्थापित किया गया था और पाकिस्तान की सरकार ने इसे 'फितना-अल-ख्वारिज' घोषित किया था।

पाकिस्तान सरकार बार-बार आरोप लगाती है कि टीटीपी अफगानिस्तान के सुरक्षित ठिकानों से अपने अभियान का संचालन कर रही है। हालांकि, अफगान तालिबान इसे खारिज करता है। तालिबान के काबुल में सत्ता संभालने के बाद से पाकिस्तानी में आतंकवादी गतिविधियों में वृद्धि देखी गई है।

# मेजर जनरल चरणजीत देवगन ने नेपाल सेना प्रमुख से मुलाकात की

### सैन्य संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की

**काठमांडू।** गोरखा राइफल्स के रेजिमेंट 3 के मेजर जनरल चरणजीत सिंह देवगन ने शनिवार को नेपाल सेना के प्रमुख जनरल अशोक राज सिग्देल से मुलाकात। उन्होंने भारत-नेपाल सैन्य संबंधों पर चर्चा की। भारतीय दूतावास ने एक बयान में यह जानकारी दी।

दूतावास ने एक बयान में कहा, गोरखा राइफल्स के रेजिमेंट 3 के युद्ध सेवा मेडल (वाईएसएम) से सम्मानित कर्नल मेजर जनरल चरणजीत सिंह देवगन ने नेपाल सेना के सेनाध्यक्ष जनरल अशोक राज सिग्देल से मुलाकात की और भारत व नेपाल के सैन्य संबंधों पर चर्चा की। देवगन ने अपनी छह दिन दिवसीय आधिकारिक नेपाल यात्रा के तहत सिग्देल से नेपाल सेना के मुख्यालय में मुलाकात की। बैठक में उन्होंने सेना के बीच संपर्क को और मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की।

बयान के मुताबिक, देवगन ने नेपाल में पूर्व सैनिकों की भलाई के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि रक्षा विभाग की टीम ने द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। देवगन 30 सितंबर को नेपाल पहुंचे थे, जहां उनका स्वागत कर्नल वी. सुब्रमण्यम ने त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उनका स्वागत किया।

नेपाल यात्रा के दौरान देवगन ने पोखरा का भी दौरा किया और वहां वीरता पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया। उन्होंने हिमालयी राष्ट्र में रक्षा शाखा और पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस) पॉलिक्लिनिक्स की विभिन्न शाखाओं का भी दोरा किया और पूर्व सैनिकों की भलाई में ईसीएचएस नेपाल की पहुंच को आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# इस्राइली हमले में मारा गया हमास नेता मुहम्मद हुसैन, कई आतंकी हमलों में थी अहम भूमिका



**तेल अवीव।** इस्राइली सेना लगातार हमास और हिज्बुल्ला के ठिकानों पर हमला कर रही है। हमास और हिज्बुल्ला के कई नेता और कमांडर इन हमलों में मारे गए हैं। इसी बीच इस्राइली सेना ने शनिवार को दावा किया है कि लेबनान के त्रिपोली में हवाई हमले में हमास का नेता मुहम्मद हुसैन अली अल-महमूद को मार गिराया है।

इस्राइल के विदेश मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट लिखा कि, आईडीएफ (इजराइली रक्षा बल) और आईएसए (इजराइली सुरक्षा एजेंसी) के एक संयुक्त ऑपरेशन में आज (शनिवार) आतंकवादी मुहम्मद हुसैन अली अल-महमूद को मार दिया गया है। वह लेबनान में हमास के कार्यकारी अधिकारी के रूप में काम करता था।

**कई इस्राइली हमलों में महमूद का था हाथ :** इस्राइली विदेश मंत्रालय के अनुसार महमूद की इस्राइलियों के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका थी। महमूद ने इस्राइलियों पर हमलों के लिए रॉकेट और अन्य हथियारों की आपूर्ति की थी।

विदेश मंत्रालय ने एक अन्य पोस्ट में बताया कि लेबनान के त्रिपोली के क्षेत्र में रात भर (शनिवार) एक अन्य आईडीएफ और आईएसए ऑपरेशन में आतंकवादी सईद अला नाइफ अली को भी मारने में सफलता मिली है। अली हमास के सैन्य विंग का एक वरिष्ठ सदस्य था। सईद ने इस्राइल में कई ठिकानों पर आतंकवादी हमले किए। यही नहीं लेबनान के अंदर हमास के गुर्गों की भर्ती करने का काम किया था।

**250 हिज्बुल्ला आतंकी मारे गए :** पिछले चार दिनों में इस्राइल ने लेबनान में 2000 से अधिक सैन्य ठिकानों और लगभग 250 हिजबुल्ला आतंकवादियों को खत्म कर दिया है। आईडीएफ ने बताया कि, इस्राइली वायु सेना की ओर से दक्षिणी लेबनान में किए गए हमलों में 5 बटालियन कमांडर, 10 कंपनी कमांडर, 6 प्लाटून कमांडर मारे गए हैं।

# एमपॉक्स से लड़ रहा कांगो, 800 से ज्यादा मौतें
## टीकाकरण शुरू, अमेरिका और यूरोपीय संघ ने भेजे एमपॉक्स रोधी टीके




**कांगो।** मंकीपॉक्स संक्रमण से निपटने के लिए डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो ने टीकाकरण अभियान शुरू कर दिया। यूरोपीय संघ और अमेरिका से 2.65 लाख टीके मिलने के बाद कांगो ने लोगों का टीकाकरण होने लगा है। कांगो अधिकारियों ने शनिवार को गोमा शहर में खुराकें वितरित कीं।

डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो में इस बार एमपॉक्स संक्रमण के चलते 859 से ज्यादा मौत हुई हैं। जबकि 30 हजार से अधिक संदिग्ध मामले हैं। जो इस साल अफ्रीका में दर्ज किए गए सभी मामलों का 80 फीसदी और मौतों का 99 फीसदी है। इसे लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वैश्विक आपातकाल घोषित किया है।

कांगो के स्वास्थ्य मंत्री रोजर काम्बा ने कहा कि टीकाकरण अभियान शनिवार से शुरू कर दिया गया। खुराकें केवल जोखिम वाले क्षेत्रों और स्वास्थ्य कार्यकताओं को दी जाएंगीं। टीकाकरण के लिए योजना तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि जल्द ही बच्चों के लिए स्वीकृत टीके की कम से कम 30 लाख खुराकें जापान से आने की उम्मीद है।

दरअसल दुनिया के कई देश इन दिनों मंकीपॉक्स का संक्रमण झेल रहे हैं। अफ्रीकी देशों से शुरू हुआ ये वायरल संक्रमण यूएस-यूके सहित कई एशियाई देशों में भी बढ़ता जा रहा है। वायरल जूनोटिक रोग से मध्य और पश्चिमी अफ्रीका के देश सबसे ज्यादा प्रभावित हैं।




### क्या है एमपॉक्स संक्रमण

एमपॉक्स एक वायरल संक्रमण है जो संक्रमित वस्तुएं, निकट संपर्क, और शरीर के तरल पदार्थों से फैल सकता है। संक्रमित व्यक्ति द्वारा उपयोग की गई वस्तुएं जैसे कपड़े, चादर, तौलिए आदि के इस्तेमाल से बचें। संक्रमित व्यक्ति के शरीर के तरल पदार्थ या घाव के संपर्क में आने से भी संक्रमण फैलने का खतरा हो सकता है। सामुदायिक तौर पर सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें।

### भारत में भी जारी है अलर्ट

मंकीपॉक्स के खतरे को देखते हुए 14 अगस्त को डब्ल्यूएचओ ने इसे ग्लोबल हेल्थ इमरजेंसी घोषित कर दिया था।


बढ़ते खतरे के देखते हुए भारत को भी अलर्ट रहने की सलाह दी गई है। मंकीपॉक्स के जोखिमों को देखते हुए भारत सरकार ने तैयारियों को बढ़ाने और संभावित प्रकोप को कम करने के लिए कई उपाय किए हैं। संक्रमण की आशंका की स्थिति में रोगियों के इलाज के लिए कुछ अस्पतालों को चिन्हित किया गया है।

# अमेरिका में हर सातवें मरीज की देखभाल कर रहे भारतीय डॉक्टर, ग्रीन कार्ड प्रक्रिया में तेजी लाने की मांग



**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक महीने में नए राष्ट्रपति का चुनाव होने वाला है, ऐसे में भारतीय मूल के चिकित्सकों के एक प्रमुख संगठन ने अगले प्रशासन से आव्रजन और स्वास्थ्य सेवा सुधारों को प्राथमिकता देने के साथ ही भारत से चिकित्सा पेशेवरों के लिए ग्रीन कार्ड की प्रक्रिया में तेजी लाने का आह्वान किया है। अमेरिकन एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडियन ओरिजिन (एएपीआई) के अध्यक्ष डॉ. सतीश कथुला ने बताया कि सभी लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच, आव्रजन और वीजा मुद्दे, चिकित्सा में प्रौद्योगिकी, विविधता और भेदभाव विरोधी कुछ ऐसे मुद्दे हैं जिन्हें अगले व्हाइट हाउस प्रशासन द्वारा प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

**अमेरिका के सबसे बड़े संगठनों में से एक है एएपीआई :** गौरतलब है कि 1982 में स्थापित किया गया एएपीआई संगठन अमेरिका में भारतीय मूल के 120,000 से अधिक चिकित्सकों के हितों का प्रतिनिधित्व करने वाला सबसे बड़ा चिकित्सा संगठन है। कथुला ने इस बात पर प्रकाश डाला कि ऐसे कई चिकित्सक हैं जो 15-20 वर्षों से अधिक समय तक अमेरिका में रहने के बाद भी एच-1बी वर्क वीजा पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'हमें उनकी ग्रीन कार्ड प्रक्रिया में तेजी लानी होगी ताकि वे अमेरिका में रह सकें और अपने वीजा की स्थिति के बारे में चिंता किए बिना अपना काम जारी रख सकें।'



**भारतीय डॉक्टर्स को ग्रीन कार्ड देने की प्रक्रिया में तेजी लाने की जरूरत :** ल्ट-1इ वर्क वीजा पर हजारों भारतीय चिकित्सक अमेरिका में काम कर रहे हैं और वे उन जगहों पर काम कर रहे हैं, जहां स्थानीय डॉक्टर्स नहीं जाना चाहते। डॉ. कथुला ने कहा कि अगर ये भारतीय चिकित्सक वापस चले जाते हैं तो इससे कुछ शहरों में पूरी स्वास्थ्य सेवा प्रणाली ध्वस्त हो जाएगी। इसलिए ग्रीन कार्ड प्रक्रिया को प्राथमिकता देनी होगी। जो भी सत्ता संभालता है तो यह उनकी प्राथमिकता में होना चाहिए। अमेरिका में भारतीय मूल के डॉक्टर्स की अहमियत को बताते हुए डॉ. कथुला ने कहा कि अमेरिका में हर सातवें मरीज की देखभाल भारतीय मूल के डॉक्टर्स द्वारा की जा रही है।

**क्या है एच-1बी वीजा :** एच-1बी वीजा एक गैर-अप्रवासी वीजा है, जो अमेरिकी कंपनियों को सैद्धांतिक या तकनीकी विशेषज्ञता की आवश्यकता वाले विशेष व्यवसायों में विदेशी कर्मचारियों को नियुक्त करने की अनुमति देता है।

# जनता की शिकायत पर महापौर सुनीता दयाल ने सेक्टर 3 राज नगर स्थित टंकी परिसर का किया निरीक्षण

## नगर निगम के पम्प ऑपरेटर ने टंकी परिसर में की गोबर से गंदगी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राज नगर सेक्टर 3 टंकी परिसर में स्टाफ क्वार्टर में नगर निगम का स्थायी पम्प ऑपरेटर योगेश रहता है जिसकी शिकायत सेक्टर 3 राज नगर आरडब्ल्यूए के लोगों ने महापौर सुनीता दयाल से मिलकर लिखित रूप में की। शिकायत में बताया गया कि उक्त ऑपरेटर द्वारा जानवर पाले जा रहे हैं। स्थानीय लोगों के कहने पर लड़ने-झगड़ने लगता है और गोबर व मूत्र की गंदगी साफ नहीं की जाती है जिससे आसपास हमेशा बदबू और मच्छर पनप रहे हैं और सरकारी बिजली से रात के समय प्राइवेट वाहनों को चार्ज करवाता है।





### स्थानीय निवासी बदबू से परेशान, डेंगू जैसी खतरनाक बीमारियां फैलने का भी खतरा

**करंट क्राइम।** महापौर ने शिकायत सुनते ही अधिशासी अभियंता जल केपी आनंद को निरीक्षण के लिए बुलाया और मौके पर पहुंच देखा कि एक कमरे का घर मिला था लेकिन उसको अधिक बढ़ा लिया गया है और जानवरों के गोबर व मूत्र की सफाई नहीं की जाती है जिससे गंदगी हो रही है और डेंगू जैसी बीमारियां होने का भी खतरा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह व्यक्ति रात को शराब पीकर यहां का माहौल खराब करता है।

### महापौर ने मौके पर पहुंच कर कार्रवाई के दिए निर्देश

**करंट क्राइम।** महापौर ने मौके पर अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए कि यह घर रहने के लिए दिया गया है। अगर कोई जानवर पाला भी जा रहा है तो इस प्रकार गंदगी के अंबार से कॉलोनी में गंभीर बीमारियां होने का खतरा है और परिसर में रहने के लिए स्थान बढ़ाया गया है। साथ ही शराब पीकर लोगों को परेशान करना व ट्यूवेल की बिजली का दुरुपयोग करने जैसे गंभीर विषयों पर उक्त व्यक्ति पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# शहर मंडल भाजपा का बूथ सम्मेलन भगवान महर्षि वाल्मीकि सभागार में आयोजित






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर मंडल भारतीय जनता पार्टी का बूथ सम्मेलन गाजियाबाद के हिंडन विहार क्षेत्र के भगवान महर्षि वाल्मीकि सभागार में आयोजित किया गया जिसमें मुख्य वक्ता क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा, महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान, मंडल अध्यक्ष महिमा गुप्ता, मंडल प्रभारी मोनिका पंडित, हाजी जमालुद्दीन, सम्मानित बूथ अध्यक्ष रैंक पार्षद गण, पूर्ण पार्षद गण, महानगर एवं मंडल के सम्मानित पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा के क्षेत्रीय महामंत्री अनुसूचित मोर्चा प्रदीप चौहान वाल्मीकि ने किया। बैठक में सभी बूथ से जुड़े कार्यकर्ताओं को सफल मार्गदर्शन दिया और चुनाव में जुट जाने का आह्वान किया।

# महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के नेतृत्व में क्रॉसिंग मंडल बूथ सम्मेलन सफलतापूर्वक संपन्न









**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के नेतृत्व में क्रॉसिंग मंडल बूथ सम्मेलन बहुत ही सुंदर व्यवस्था के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद अतुल गर्ग जी रहे। मुख्य वक्ता कुंवर बृजेश सिंह लोक निर्माण राज्यमंत्री रहे। बूथ की संरचना एवं रूपरेखा विस्तारपूर्वक हरि ओम शर्मा (क्षेत्रीय महामंत्री) के द्वारा बूथ अध्यक्षों के समक्ष रखी गई। मंच का संचालन बहुत सुंदर कुशलतापूर्वक एवं अच्छे वक्तव्य के साथ संदीप त्यागी (क्रॉसिंग मंडल प्रभारी) ने किया।

कार्यक्रम की व्यवस्था धर्मेंद्र चौधरी (क्रॉसिंग मंडल अध्यक्ष) ने की। मंच पर उपस्थित पप्पू पहलवान (महानगर महामंत्री), गोपाल अग्रवाल (महानगर महामंत्री), रनीता सिंह (महानगर उपाध्यक्ष), चमन चौहान (महानगर उपाध्यक्ष), पार्षद गण एवं वरिष्ठ अधिकारी रहे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में क्रॉसिंग मंडल के समस्त शक्ति केंद्र संयोजक, शक्ति केंद्र प्रभारी, बूथ अध्यक्ष, बूथ प्रभारी आदि अनुभवी कार्यकर्ताओं का सहयोग रहा।

# पारिवारिक मिलन जाट समाज का 11वां जाट युवक-युवती परिचय सम्मेलन सम्पन्न

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पारिवारिक मिलन जाट समाज ने 6 अक्टूबर को एनआर ग्रांड वेव सिटी में 11वां जाट युवक-युवती परिचय सम्मेलन धूमधाम से संपन्न किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और राष्ट्रीय गान के साथ की गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि राम अवतार सिंह पूर्व न्यायाधीश इलाहाबाद हाईकोर्ट एवं सुरेंद्र कुमार वर्मा रिटायर्ड कमिश्नर, अध्यक्ष राजकुमार चौधरी, पूर्व महापौर आशु वर्मा, डॉक्टर सरोज सिरोही ने की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जाट समाज के पूर्व अध्यक्ष चौधरी रणबीर सिंह रिटायर्ड डीएसपी ने की। जाट समाज के अध्यक्ष राजकुमार चौधरी सभी संरक्षक एवं पदाधिकारियों के साथ पहुंचे ओर अतिथियों का शॉल उड़ा कर एवं प्रतीक चिह्न देकर स्वागत सम्मान किया। महामंत्री अरुण चौधरी भुल्लन ने अतिथियों द्वारा विशेष प्रतिभाओं का सम्मान भी कराया। सम्मानित किए जाने वालों में 10वीं क्लास टॉपर कनिष्क पवार, पीसीएस अधिकारी गौरव चौधरी, डीडीए डायरेक्टर अवनीश डागर, दिल्ली की 12वीं टॉपर सुहानी सिरोही, 10 मीटर एयर पिस्टल की इंटरनेशनल विजेता अंजली चौधरी, जज के रूप में विहार राज्य में तैनात अनामिका डागर, शूटिंग में गोल्ड मेडलिस्ट दिव्यांश आदि प्रमुख रहे। डॉक्टर दिव्यांश के पिता दिव्या नर्सिंग होम के डॉयरेक्टर सत्यवीर सिंह को सम्मानित किया गया।






### जाट युवक-युवती परिचय सम्मेलन में 27 जोड़ों का मिलान ऑन द स्पॉट हुआ

**करंट क्राइम।** जाट समाज के अध्यक्ष राजकुमार चौधरी ने बताया कि जाट युवक युवती परिचय सम्मेलन में 27 जोड़ों का मिलान ऑन द स्पॉट हो जाने पर परिवार के लोगों ने आभार जताया। जाट समाज परिचय सम्मेलन में समाज में अग्रणी केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के सलाहकार वीर पाल मलिक एवं नरेश सिरोही सहित संरक्षक चौधरी लेखराज सिंह, चौधरी तेजपाल सिंह, कविंद्र चौधरी, अजय प्रमुख, चेयरमैन अमरजीत सिंह बिट्टी, चौधरी प्रताप सिंह तथा कार्यकरिणी से रविंद्र तेवतिया, अमरपाल तेवतिया, योगेंद्र पंवार, राजेश चौधरी, ओपी राठी, योगेंद्र चौधरी, रविंद्र चौधरी, जगबीर सिंह, सत्यपाल चौधरी, विभा रावत, रणवीर सिंह डागर, नरेन्द्र सिंह, नरेश चौधरी, धर्मेन्द्र चौधरी, सतेन्द्र तेवतिया, मनोज चौधरी, नवतेज चौधरी, सुनील चौधरी, अरविंद बालियान, देवब्रत चौधरी, मोहित चौधरी, वंदना चौधरी, सुभाष चौधरी, राहुल चौधरी, भूपेंद्र चौधरी, प्रदीप चौधरी, करुणा चौधरी, मोना चौधरी, दीपक चौधरी, चौधरी, नवीन चौधरी, सन्नी चौधरी, आनंद चौधरी, देवेन्द्र चौधरी, जयप्रकाश सिंह, रविंद्र चौधरी, रॉकी चौधरी, विक्रांत चौधरी, कैप्टन नरेन्द्र मलिक, रेखा चौधरी, डोली सिंह, कांति तोमर, डॉक्टर सुधा राणा, सुभद्रा चाहर, रीता चौधरी, गुडडू चहल आदि मौजूद रहे।



### कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे पूर्व न्यायाधीश राम औतार

**करंट क्राइम।** कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व न्यायाधीश राम औतार ने अपने संबोधन में कहा कि गाजियाबाद मेरे लिए नया नहीं है। सुंदर आयोजन के लिए उन्होंने आयोजन समिति के सभी सदस्यों को बधाई दी। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे रिटायर्ड कमिश्नर सुरेंद्र कुमार वर्मा ने अपने विचार रखे।

### समाज के वर्चस्व की कमान युवाओं के हाथ में... : आशु वर्मा

**करंट क्राइम।** पूर्व महापौर आशु वर्मा ने कहा, अब समाज के वर्चस्व की कमान इनके हाथ में सौंप कर हमें पूर्ण निष्ठा से उनका मार्गदर्शन करने के लिए आगे आना होगा। अनामिका डागर ने कहा कि जाट समाज की असली तरक्की का आधार शिक्षित होना ही है। इस मौके पर जाट युवक-युवती परिचय सम्मेलन 2024 पुस्तिका का विमोचन किया गया।

# इंदिरापुरम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने चलाया सदस्यता अभियान



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने विभिन्न जगहों पर सदस्यता कैम्प आयोजित किया। पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय शुक्ला के नेतृत्व में कैम्प काला पत्थर रोड पर किशोर ठाकुर ने आयोजित किया। दूसरा कैम्प शक्ति खंड एक में दिनेश सिंह व पूनम बंसल के सहयोग से आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में आम जनता को भाजपा की सदस्यता दिलाई गई। इस अवसर पर मनोज डागा, उमाशंकर तोमर, संजीव शर्मा, अनिल मेंदीरत्ता, बबिता दीक्षित, पूनम बंसल, दिनेश सिंह, किशोर ठाकुर, प्रमोद तिवारी, अजय शर्मा, हरिओम, प्रमोद आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# श्याम पार्क एक्सटेंशन में हनुमान भक्त मंडली श्री रामलीला का हुआ उद्घाटन





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद के श्याम पार्क एक्सटेंशन के लाल चंद स्कूल में हनुमान भक्त मंडली श्री रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित डिजिटल दौर में हाइटैक रामलीला का शुभारंभ किया गया। श्याम बिहारी शर्मा, हनुमान भक्त मंडली श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अशोक गुप्ता आटेवाले, डाक्टर विरेंद्र कसाना क्षेत्रीय पार्षद कविता प्रवीन भाटी व क्षेत्र के समस्त राम भक्त ने श्री राम जी के नाम की ज्योति प्रज्वलित कर व एसीपी. रजनीश उपाध्याय ने फीता काटकर शुभारंभ किया। रामलीला के मुख्य संयोजक प्रवीन भाटी ने बताया कि हम पिछले करीब दो साल से भी ज्यादा से प्रत्येक शनिवार श्याम पार्क एक्सटेंशन स्थित हनुमान मंदिर में भारी संख्या में एकत्रित हो कर हनुमान चालीसा का पाठ करते हैं। हनुमान भक्त मंडली ने विचार किया कि हनुमान जी को प्रसन्न करने के लिए श्री राम जी का नाम लेना होगा, इसलिए इस बार हमारी हनुमान भक्त मंडली श्री रामलीला कमेटी प्रथम बार इस वर्ष रामलीला का आयोजन कर रही है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया इस वर्ष अयोध्या में श्री राम जी की वापसी के साथ-साथ श्याम पार्क एक्सटेंशन में भी प्रभु श्री राम जी की उन्होंने बताया कि यह रामलीला वे आज के डिजिटल दौर को देखते हुए हाईटेक रामलीला का मंचन बड़ी एलईडी स्क्रीन रामानंद सागर कृत रामलीला का मंचन दिखाया जाएगा। इस अवसर पर र डॉ.विरेंद्र कसाना, वी.के. शर्मा, मदनपाल शर्मा, भगवती देवी, मनोज शर्मा, सुशील शर्मा, रामनिवास पहलवान, श्री कृष्ण गर्ग, संजीव त्यागी, बृजेश जादौन, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष हरीश गर्ग, धनपत भैया, सुनील माहेश्वरी, दीपक गुप्ता सीमेंट वाले, कृष्ण शर्मा, डॉ.अनिल शर्मा, एम.एल. गोस्वामी, नरेंद्र चौधरी, रामायण कला संगम समिति लाजपत नगर के अध्यक्ष विक्रम बैसला, मोहित शर्मा, मैनपाल भाटी, विकास चुघ, अरुण त्यागी, अनिल अग्रवाल, दुर्गाप्रसाद, हीरा लाल, गणेश जयसवाल, उपेन्द्र भारती, समीर शर्मा, श्याम बाबू शर्मा, नरेश निर्वाण, उमेश शर्मा, ब्रह्मपाल भडाना आदि लोग मौजूद रहे।

# भोपुरा की रामलीला: चौथे दिन पुष्प वाटिका में जानकी-श्रीराम का मनमोहक संवाद





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भोपुरा श्री आदर्श रामलीला कमेटी भोपुरा की रामलीला जैसे-जैसे आगे की तरफ बढ़ रही है, वैसे-वैसे लोगों का उत्साह और उमंग भी बढ़ रहा है। रामलीला के चौथे दिन माता-जानकी व भगवान राम के विवाह जो प्रसंग फिल्माया गया, उसने दर्शकों मंत्रमुग्ध कर दिया। हाल यह था कि स्टेज पर जैसे ही भगवान राम के साथ माता जानकी पहुंचीं तो मानो लगा कि साक्षात भगवान त्रेतायुग से निकलकर कलयुग में अपनी लीला दिखा रहे हैं। भोपुरा की रामलीला के चौथे दिन जनकपुर व रामविवाह का प्रसंग फिल्माया गया। इसमें दिखाया गया कि पुष्प वाटिका में अपनी सखियों के साथ मौजूद माता जानकी ने जैसे ही प्रभु राम को देखा तो वह उनके स्वरूप पर मोहित हो गई। रामलीला का यह प्रसंग वैसे ही चरितार्थ हो रहा था जैसे प्रभु राम और माता जानकी स्वयं धरती पर उतर आए हों। समिति अध्यक्ष के अध्यक्ष डब्बी पहलवान व विनोद कसाना ने बताया कि रामलीला भव्य तरह स्व चल रही है इस क्षेत्र में ऐसी रामलीला नही होती है जिसमें आसपास के हजारों लोग रोज रामलीला देखने आते है बच्चो के लिए मनोरंजन के साथ भी उपलब्ध है।

# रामायण कला संगम समिति ने किया रामलीला का सफलतापूर्वक मंचन

## वनगमन से पूर्व राम-सीता-लक्ष्मण ने राजसी वस्त्र त्याग कर वल्कल वस्त्र धारण किए





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** रामायण कला संगम समिति लाजपत नगर रामलीला मैदान में रामलीला एक मंचन चल रहा है। राम-सीता और लक्ष्मण जब वनवास के लिए अयोध्या से रवाना हुए तो उन्होंने राजसी वस्त्र त्याग दिए। केवल एक जोड़ी वस्त्रों में वन के लिए निकले, ये वस्त्र भी बहुत साधारण थे। रामायण में इस बात का उल्लेख हुआ था कि जब राम, सीता और लक्ष्मण 14 बरसों के लिए वनवास के लिए निकले और उन्होंने राजमहल छोड़ा तो राजसी वस्त्र छोड़कर वल्कल वस्त्र धारण कर लिए थे। क्या होते थे वल्कल वस्त्र। वृक्षों की छाल से बने वस्त्रों को वल्कल कहते हैं। राम और लक्ष्मण सामान्य तौर पर वन में वल्कल वस्त्र धारण करते थे तो सीताजी को दिव्य वसन अत्रि ऋषि की पत्नी अनुसूइया ने दान के रूप में दिए थे। वल्कल वस्त्रों के बारे में कहा जाता है कि त्रेता युग में इस तरह के वस्त्रों का काफी इस्तेमाल होता था हालांकि भारत में कपास की खोज हो चुकी थी। वनवास के दौरान राम, सीता और लक्ष्मण को वनवासी जब मिलने आते थे और वो लोग इस दौरान वन में जब ऋषि-मुनियों के पास जाते थे तो उनको अपनी समस्या से अवगत कराते थे। राम और लक्ष्मण उनकी सभी समस्याओं को समाप्त करते थे इसलिए राम और लक्ष्मण वनवास के समय भी सभी के राजा हुए।

इस अवसर पर अध्यक्ष बिक्रम सिंह बैंसला, अशोक चौधरी, व्यापार मंडल अध्यक्ष महिपाल सिंह बैंसला, नीटू चौधरी, देवेंद्र त्यागी, योगेश त्यागी, मीडिया प्रभारी मोहित शर्मा, सुरेश कसाना, चेतन ठाकुर, रोहित गुप्ता, शैलेंद्र पाल, मोनू चौधरी, प्रवेश गुप्ता, शिवम बंसल, अंकित मिश्रा, संतोष शर्मा, आशीष जैन आदि लोग मौजूद रहे।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मां एक ऐसा शब्द है जिसमे पूरी दुनिया समाई है। पुलिस अधिकारी लक्ष्मी चौहान ने अपनी मां को समर्पित अपने शब्दो में जज्बात पिरोए है। मां के आशीर्वाद की अभिलाषा और हमेशा अपनी मां की खुशी की कामना। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।